CMYK

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 16°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 31 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 143 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 11 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा: योगी पेज 2



पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर खेल टाइम्स




अहिंसा का शाश्वत संदेश: क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर सम्पादकीय



जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप: ट्रम्प पेज 12

# स्पेन ने अमेरिका के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी लगाई रोक

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता



■ कहा: ईरान के विरुद्ध युद्ध अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ, अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे

**स्पेन ने ईरान** के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है।

स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि देश अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं करने देगा। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे, हालांकि मानवीय और आपातकालीन उड़ानों को छूट दी गई है। स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला एकतरफा और अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू युद्ध का समर्थन न करने के आधार पर लिया गया है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापारिक कार्रवाई की धमकी दी है। वहीं ईरान ने लेबनान के निष्कासन आदेश को ठुकराते हुए कहा है कि उसका राजदूत बेरूत में ही अपना काम जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि राजदूत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा। दरअसल, लेबनान ने पिछले हफ्ते ईरान के राजदूत मोहम्मद रजा शिबानी को पर्सोना नान ग्राटा घोषित कर 29 मार्च तक देश छोड़ने का निर्देश दिया था।

## ईरान का इजरायल के केमिकल प्लांट पर हमला

■ जहरीले रिसाव की चेतावनी, लोगों को आदेश, घर में रहें, खिड़कियां बंद रखें

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने दक्षिणी इजरायल में एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है।

हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है। हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं। बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित इस ठिकाने पर हुई घटना में एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया गया हो सकता है। उधर, इराकी सशस्त्र समूह ने यूएस ठिकानों पर हमलों की ज़िम्मेदारी ली। इराकी सशस्त्र समूह 'सराया औलिया अल-दम' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूएस ठिकानों को निशाना बनाते हुए आठ हमले किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

### पुलिस ने लश्कर कमांडर शब्बीर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बांग्लादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था। यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे।

### ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अनिल बलूनी और पार्टी के कई नेता शामिल थे। नेताओं ने आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

# जनगणना- 2027 का पहला चरण एक अप्रैल से होगा शुरू

## पहले चरण के लिए 33 सवाल तय, ऑनलाइन पोर्टल पर भी दे सकेंगे जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ लिव-इन कपल्स को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा
■ जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी
■ करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये देशभर में जानकारी जुटाएंगे

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 का पहला चरण एक अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर फेक (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं कि जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय एक मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और एक मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा -शेष पृष्ठ दो पर

### व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय

**नई दिल्ली।** रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने जनगणना अधिनियम की धारा 15 का हवाला देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान जुटाया गया व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति की जानकारी न तो आरटीआई के तहत साझा की जा सकती है, न ही अदालतों में साक्ष्य के रूप में पेश की जा सकती है और न ही किसी अन्य संस्था के साथ साझा की जाएगी।

# अंगोला से गैस खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

## होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को नहीं गुजरना पड़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अंगोला सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार

**नई दिल्ली।** भारत में गैस की कमी और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस (एलपीजी) खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है। इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही हैं।

ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है। दरअसल, भारत की 92 फीसदी एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है, तो जहाज अटलांटिक और अरब महासागर होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे। उन्हें होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरना होगा। भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल और गैस का व्यापार होता रहा है, इसलिए दोनों देशों के बीच भरोसा और सप्लाई सिस्टम पहले से बना हुआ है। इसी वजह से नई डील करना आसान हो जाता है। अंगोला में गैस उत्पादन होता है और वहां एलपीजी के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन भी मिलते हैं, जिससे भारत को सीधे गैस मिल सकती है। सप्लाई के लिहाज से भी अंगोला सही विकल्प है, क्योंकि समुद्र के रास्ते गैस 12 से 18 दिन में भारत पहुंच सकती है और वहां एक्सपोर्ट की अच्छी सुविधा भी मौजूद है। अंगोला में एनर्जी सेक्टर सरकार के कंट्रोल में है, जिससे सरकारी स्तर पर समझौता करना आसान होता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10 से 15 दिन जल्दी भारत पहुंच सकती है। ऐसे में अंगोला भारत के लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है। अगर यह करार होता है, तो अंगोला पहली बार भारत को रसोई गैस सप्लाई करेगा। भारतीय कंपनियां एलपीजी के लिए करीब एक साल और एलएनजी के लिए कम से कम 10 साल का करार करने पर विचार कर रही हैं।

# तेलंगाना में पैरेंटल सपोर्ट बिल पास

■ मां-बाप को बेसहारा छोड़ा, तो कटेगी 15% सैलरी
■ पहली बार सांसद-विधायक भी कानून की जद में आएंगे

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार बुढ़ापे में माता-पिता को 'बोझ' समझने वाले बच्चों पर अब तक की सबसे बड़ी सख्ती करने जा रही है। राज्य विधानसभा ने पैरेंटल सपोर्ट बिल, 2026' सर्वसम्मति से पास कर दिया। इसके तहत, यदि कोई कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करता, तो उसकी कुल सैलरी में से 15 फीसदी या 10,000 (जो भी कम हो) की कटौती की जाएगी।

देश में पहली बार ऐसा कानून बना है, जिसमें सरकारी के साथ ही प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों, विधायकों, सांसदों और सरपंचों तक को जवाबदेह बनाया गया है। खास बात यह है कि माता-पिता को इसके लिए कोर्ट नहीं जाना होगा, वे सीधे जिला कलेक्टर के पास आवेदन कर सकेंगे। जांच में शिकायत सही मिलने पर कलेक्टर सीधे कंपनी या विभाग को सैलरी काटकर माता-पिता के खाते में भेजने का आदेश देंगे। विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि मैं एक ऐसे जनप्रतिनिधि को जानता हूं जिसके पिता की कैंसर से मौत हो गई, लेकिन बेटे ने सुध तक नहीं ली। जब माता-पिता की आंखों में आंसू होते हैं, तो वह समाज के पतन का संकेत है। समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए जो सक्षम होकर भी अपनों को छोड़ देते हैं। केरल और असम में भी हैं ऐसे कानून- केरल (2023) - यहां 25 फीसदी तक कटौती का प्रावधान है। मुख्य रूप से उन लोगों पर लागू होता है जिन्हें 'अनुकंपा नियुक्ति' मिली है।

# यूपी समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

■ जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में आंधी के साथ बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान के 25 जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, यूपी के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के नैनीताल में सोमवार सुबह बूंदाबांदी हुई। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार सुबह बारिश हुई। वहीं, गुलमर्ग, पहलगाम, यूसमर्ग, गुरेज, रजदान टाप और सोनमर्ग-जोजिला जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। पंजाब के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है।





# संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया होगी तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोकसभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाए हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिए गए हैं। क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाई जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान किए गए हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जाएगा। 'कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे।'

# केशव मोर्य ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी उन्होंने सभी अधिकारियों को हिदायत दी कि वह जनता की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान करें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित भी किया की जनता की समस्या प्राथमिकता के आधार पर सुलझाएं। जनता दर्शन के दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और पारिवारिक विवाद से जुड़े कई मामले सामने आए। सोमवार को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 7-कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाना शासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और पारिवारिक विवाद से जुड़े कई मामले सामने आए। मौर्य ने कई प्रकरणों में अधिकारियों से बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए मौर्य ने महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ ही शिकायतों के निस्तारण को भी कहा।



# स्कालरशिप का दुरुपयोग न करें छात्रः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 28 लाख छात्रों को 3350 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति वितरित की। उन्होंने छात्रों से कहा की मिलने वाली स्कालरशिप का दुरुपयोग मत करना अपने भविष्य को बनाने के लिए इसका प्रयोग करना।

योगी ने 28 छात्रों को छात्रवृत्ति का तोहफा दिया उन्होंने इस अवसर पर छात्रों से कहा कि मिलने वाली छात्रवृत्ति सदुपयोग करें। प्रदेश सरकार ने लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की बड़ी राशि सीधे खातों में भेजी। इस योजना से सभी वर्गों के विद्यार्थियों को लाभ मिला। अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार धनराशि वितरित की गई, जिससे स्कूल और कॉलेज स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधीप्रतिष्ठान आयोजित कार्यक्रम में छात्रवृत्ति एवं पारिवारिक लाभ योजनाओं के तहत बड़ी धनराशि का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर द्धडीबीटीत्र किया। इस दौरान प्रदेश के कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में करीब 3,350 करोड़ रपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि सीधे भेजी गई। साथ ही 33,334 गरीब परिवारों के आश्रित सदस्यों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की मदद भी दी। ये स्कालरशिप सिर्फ एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक सभी वर्गों के छात्रों को दी गई। यानी स्कूल से लेकर कॉलेज तक पढ़ने वाले लाखों छात्रों को इसका फायदा मिला है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, सरकार का प्रयास है कि कोई भी योग्य छात्र आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति सीधे खातों में पहुंचाने से पारदर्शिता बढ़ी है और छात्रों की समय पर मदद हो पा रही है। ये स्कालरशिप इसलिए दी गई है कि आप और मेहनत कर सकें। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं। स्कालरशिप आपकी मंजिल नहीं है। परिश्रम आपकी मंजिल है। स्कालरशिप के पैसे का दुरुपयोग मत करना। सरकार का संबल है। सपोर्ट करने और आगे बढ़ने के लिए एक प्लेटफार्म दिया गया है। बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई में सरकार मदद कर रही है। अब तक 26 लाख बेटियों को लाभ पहुंचा चुके हैं। सरकार ने बजट में कई नए प्रावधान किए हैं। कामका. जी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। मेरठ, प्रयागराज, झांसी, आगरा व गोरखपुर में भी 500-500 की क्षमता का छात्रावास बनाया जा रहा है।महिला उद्यमिता सशक्तीकरण अभियान के तहत वहां के प्रोडक्ट को डिस्प्ले के लिए भी पैसे की व्यवस्था की है। हर जिले में युवाओं के स्कीलिंग व एम्प्लायमेंट जोन सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से बनाया जा रहा है।



■ मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में करीब 28 लाख छात्रों को 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम में दी हिदायत

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गिरफ्तार, भेजा जेल

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को नवाबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी सूरज उर्फ लक्की निवासी बभनान कस्बा, थाना गौर जिला बस्ती को सोमवार को कस्बे के कटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि बीते 5 फरवरी को नंदिनी नगर महाविद्यालय से परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र को गोंडा-अयोध्या मार्ग पर एक स्कूल के सामने चार लोगों ने रोक लिया था। इसके बाद आरोपियों ने छात्र के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।सोमवार को पुलिस को सफलता मिली और मुख्य आरो. पियों में शामिल सूरज उर्फ लक्की को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुरानी रंजिश में चाकू मारकर किया घायल

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज थानाक्षेत्र मेंझ पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया।जिसकी शिकायत पीड़ित ने वजीरगंज पुलिस से की,जिसपर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।थानाक्षेत्र के खोंझवा निवासी पीड़ित इन्द्रदेव मौर्या पुत्र अशर्फी लाल मौर्या पुलिस को दिये अपनी तहरीर में बताया कि,बीते रविवार 6.30 बजे शाम को वह सामान खरीदने धाकड़गंज बाजार सोहना गया था। जहां पर पूर्व विवाद को लेकर विपक्षी हरीओम चौबे पुत्र इन्द्रदेव चौबे ने वहां भद्दी-2 गाली गुप्ता देकर मुक्का थप्पड़ व धारदार चाकू से उसपर हमला कर दिया।जिसमें उसे काफी चोटे आई हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय ने बताया केस दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

### गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

**अमेठी।** बाजार शुकुल क्षेत्र के सेवरा गांव स्थित श्री शैलवीर बाबा मन्दिर पर ग्राम वासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के लिए सोमवार श्रीमद् भागवत कथा स्थल से श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे व अबीर गुलाल के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। भव्य कलश शोभायात्रा में सिर पर कलश लिए महिलाओं के हुजूम ने भक्तिमय माहौल बना दिया।डीजे के भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। सेवरा गांव स्थित श्री शैलवीर बाबा मन्दिर पर आयोजित संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा स्थल से श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे व अबीर गुलाल के साथ निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा सांई गंज चौराहा ,मवैया चौराहा,बाजार शुकुल कस्बा ,पाण्डेय गंज चौराहा,पूरे जीत तिवारी से खेमऊ का भ्रमण करते हुए रीछ घाट स्थित आदि गंगा गोमती नदी पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन अर्चन व विधि विधान के साथ कलश में जल भरा गया।

# निलंबन आदेश की संघ ने की कड़े शब्दों में निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राविप प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश राविप प्राविधिक कर्मचारी संघ, विद्युत वितरण खंड गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़ के द्वारा जारी निलंबन आदेश की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

संघ का मानना है कि यह कार्रवाई न केवल एक कर्मचारी के विरुद्ध अन्यायपूर्ण कदम है, बल्कि समस्त तकनीकी कर्मचारियों पर अनैतिक दबाव, तानाशाही रवैये एवं श्रम कानूनों के खुले उल्लंघन का स्पष्ट उदाहरण है। वर्तमान परिस्थितियों में कर्मचारियों से बिना किसी निर्धारित डड्यूटी चार्ट के लगातार कार्य लिया जा रहा है तथा उन्हें सप्ताह के सातों दिन, पूरे माह और वर्ष के 365 दिन कार्य करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो पूर्णतः अवैध, असंवैधानिक एवं श्रम कानूनों के विपरीत है। संघ यह भी स्पष्ट करना चाहता है कि विभागीय व्यवस्था के अनुसार एक माह में अधिकतम 24 डड्यूटी का ही प्रावधान है, जबकि ईआरपी प्रणाली में कर्मचारियों के लिए वार्षिक आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त 14 दिनों का विशेष अवकाश भी सुरक्षित रखा गया है। इसके बावजूद कर्मचारियों से निरंतर कार्य लेने का दबाव बनाया जा रहा है।



संघ का आरोप है कि बिना डड्यूटी चार्ट कार्य कराना, लगातार सातों दिन डड्यूटी का दबाव बनाना, अवकाश के दिनों में मौखिक आदेश देना तथा विरोध करने पर निलंबन, स्थानांतरण और दमनात्मक कार्रवाई की धमकी देना, यह सब अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है। संघ सभी कर्मचारियों से अपील करता है कि वे अपने-अपने स्तर पर डड्यूटी चार्ट की लिखित मांग करें, कार्य-घंटों एवं अवकाश के संबंध में नियमित पत्राचार बनाए रखें तथा किसी भी अनैतिक दबाव का सामूहिक एवं लिखित विरोध करें। संगठन की एकता ही कर्मचारियों की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी के बल पर इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था के खिलाफ निर्णायक संघर्ष किया जाएगा।

### नवनीत बने बीडीओ बढ़ाया क्षेत्र का मान

**गोंडा।** क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के होनहार युवक नवनीत तिवारी ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए संघ लोक सेवा आयोग -2024 के घोषित परिणाम में बीडीओ पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। तुलसीपुर माझा गांव के बलुहा मजरे निवासी बिन्देश्वरी तिवारी के छोटे पुत्र नवनीत तिवारी ने इंटरमीडिएट और स्नातक तक की पढ़ाई अयोध्या जनपद के देवगढ़ गांव स्थित ननिहाल में रहकर पूरी की। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयागराज का रुख किया, जहां निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।

# पीसीएस-2024 के सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद सीएम योगी ने सफल अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में सफलता को अभ्यर्थियों के परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अभ्यर्थियों की लगन और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने सभी चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भरोसा जताया कि वे अपनी प्रतिभा और निष्ठा के साथ प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रशासनिक सेवा केवल पद प्राप्ति नहीं, बल्कि जनसेवा का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे में चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करें तथा आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएं और 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपनी भूमिका को निष्ठा के साथ निभाएं।

# सांस्कृतिक संवाद से खुलेंगे वैश्विक अवसर

**लखनऊ।** लखनऊ में आज कला और संस्कृति का एक खास संगम देखने को मिला, जब कंबोडिया की महामहिम राजदूत रथ मैनी ने राज्य ललित कला अकादमी पहुंचकर कलाकारों की रचनात्मक दुनिया को करीब से जाना। उनके इस दौरे ने कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय महत्व दिया।

राज्य ललित कला अकादमी में उनके स्वागत के अवसर पर एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान राजदूत ने विभिन्न कलाकृतियों का अवलो. कन किया और प्रदेश के वरिष्ठ विजुअल आर्ट कलाकारों के साथ कला के अलग-अलग पहलुओं पर बातचीत की। प्रदर्शनी में मौजूद कलाकृतियों को देखकर राजदूत रथ मैनी काफी प्रभावित नजर आईं। उन्होंने भारतीय कला की विविधता और गहराई की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संवाद को और मजबूत बनाते हैं।इस मौके पर उन्हें प्रदेश में कला और संस्कृति के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी गई। खास तौर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अहम पहलों और अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया गया, जिनसे कलाक. ारों को सहयोग और मंच मिल रहा है। वरिष्ठ छायाकार अनिल रिसाल और वाटर कलर कलाकार अनिल शर्मा की कलाकृतियां भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहीं।

# आशीष शुक्ला बने असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाजार शुकुल, अमेठी।** क्षेत्र के पूरे शुक्लन मजरे मवैया रहमतगढ़ निवासी आशीष कुमार शुक्ला पुत्र स्व अशोक कुमार शुक्ला यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

आशीष कुमार शुक्ला के यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर चयनित होने पर परिजनों,ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों ने खुशी जताई है और आशीष कुमार शुक्ला के घर पर बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। गौरतलब हो कि बाजार शुकुल विकासखण्ड के पूरे शुक्लन मजरे मवैया रहमतगढ़ के निवासी स्व अशोक कुमार शुक्ला के सबसे छोटे पुत्र आशीष कुमार शुक्ला ने कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक की पढ़ाई प्राथमिक पाठशाला पूरे शुक्लन कक्षा 6 की पढ़ाई कृष्ण चन्द्र रामचंद्र इण्टर कॉलेज कक्षा 7 की पढ़ाई सेंट जान इण्टर कॉलेज से की इसके बाद आशीष कुमार शुक्ला का कक्षा 8 में चयन जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में हो गया जहां राष्ट्रीय स्तर की संवाद कौशल प्रतियोगिता में आशीष कुमार शुक्ला ने मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त किया।कक्षा 8 से 12 तक की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज से प्राप्त करने के बाद आशीष कुमार शुक्ला का चयन वर्ष 2018 में यूपी पुलिस में आरक्षी के पद पर हो गया।आशीष कुमार शुक्ला वर्तमान में आरक्षी के पद पर कानपुर नगर में तैनात हैं।आशीष कुमार शुक्ला के बड़े भाई विवेक शुक्ला यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर गोरखपुर में तैनात हैं और सबसे बड़े भाई अरुण कुमार शुक्ला एक प्रगतिशील किसान हैं।संघ लोक सेवा आयोग की यूपीपीसीएस परीक्षा में उत्तीर्ण होकर आशीष कुमार शुक्ला का चयन असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर हुआ है।



आशीष कुमार शुक्ला ने यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर चयनित होकर परिवार गांव क्षेत्र व जनपद का नाम रोशन कर मान बढ़ाया है।यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर चयनित आशीष कुमार शुक्ला ने इसका श्रेय अपने पिता भाई व गुरुजनों को दिया ।

### मिठाई विक्रेता का बेटा बना डिप्टी एसपी

**जौनपुर।** जिले के चंदवक क्षेत्र से एक प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई है। खुज्झी मोड़ निवासी मिठाई विक्रेता के बेटे राजू मोदनवाल ने उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल कर डिप्टी एसपी पद प्राप्त किया है राजू के पिता सूरज मोदनवाल खुज्झी मोड़ पर मिठाई की दुकान चलाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। राजू ने प्रारंभिक शिक्षा श्री कुबेर सिंह माध्यमिक विद्यालय, खुज्झी से प्राप्त की और इंटरमीडिएट सुमित्रा शिक्षा इंटर कॉलेज से किया।

# रसोई गैस संकट के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की छात्र विंग द्धएसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फार अल्टरनेटिव पालिटिक्सत्र द्वारा सोमवार को रसोई गैस आपूर्ति संकट के खिलाफ छात्रों की गंभीर समस्याओं को लेकर राजधानी लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया गया और जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को विस्तृत मांग पत्र सौंपा गया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। इस दौरान आप छात्रविंग के प्रदेश महासचिव अनित रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र-युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई।इस अवसर पर अनित रावत ने कहा कि मोदी सरकार की विफल विदेश नीतियों के कारण आज पूरा देश रसोई गैस आपूर्ति संकट से जूझ रहा है, जिसका सबसे अधिक प्रभाव प्रदेश के शैक्षणिक शहरोंकृलखनऊ, प्रयागराज और वाराणसीकृमें पढ़ाई कर रहे छात्रों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों छात्र ऐसे हैं जो 10×10 के छोटे किराए के कमरों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन आज उनके सामने भोजन बनाने तक का संकट खड़ा हो गया है। अनित रावत ने कहा कि इस गंभीर संकट के कारण अनेक छात्र 24-24 घंटे भूखे रहने को मजबूर हैं, अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं और कई छात्र तो अपनी शिक्षा बीच में छोड़कर गांव लौटने को विवश हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल गैस आपूर्ति का संकट नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय और शैक्षणिक संकट है, जो प्रदेश के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अंशुल यादव आशीष मौर्य प्रदेश सचिव अमन सोनी जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, सुरज, आकाश, नीरज, विशु यादव,पवन, आशिफ, दानिश, मनीष व अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इको गार्डन भेज दिया।



### पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय परशुरामपुर में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सेवा. निवृत्त हो रहे शिक्षक गंगाराम तिवारी को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। चौपाल में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुदीप सचान,दिनेश वर्मा, ग्राम प्रधान रामू कन्नौजिया सहित सुभाष यादव, अरुण कुमार, दीपक वर्मा, क्षप्रियंका वर्मा ,ऊषा पाल अमित कुमार, देवेन्द्र सिंह, अभिभावक वं बच्चे उपस्थित रहे।

# महावीर जयंती पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जायस अमेठी।** त्याग, तप, सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो के शाश्वत प्रत्येक, जैन संप्रदाय के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की 2624वीं जन्मकल्याणक (जन्मजयंती) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैन समाज जायस द्वारा बड़े ही धूमधाम और गाजे बाजे के साथ निकाली गई।

रथ के सिंहासन पर विराजमान भगवान के सौधर्म इंद्र ऋषभ जैन व सारथी प्रदीप जैन रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र पांडेय ने किया।इस अवसर पर जैन समाज जायस के अध्यक्ष मनीष जैन, राजाराम सोनी, संजय मिश्रा, तीरथनाथ मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामनारायण कनौजिया, नगर अध्यक्ष भाजपा जायस अनोखेलाल सोनकर, प्रदीप सिंघल, सुशील वर्मा, रामबहादुर सोनी, दिनेश जैन, अरविंद सोनी, काशीनाथ कौशल, अविरल जैन, सिद्धांत जैन, सम्यक जैन, धीरज जैन, विक्रांत जैन, नीरज सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, अजय सोनी, ओम प्रकाश मौर्य, रामपाल साहू, सुनील सोनी, दिलीप शर्मा, सौरभ अग्रवाल, शिवम साहू, अनिल साहू, पुलकित माहेश्वरी, अनिल सोनी सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में सनातनी शामिल हुए साथ ही महिलाओ में जैन समाज जायस की महिला मंडल एवं सनातन समाज की महिलाएं शामिल हुई। लोगों अपार श्रद्धा देखी गई।


## सब को खबर दे सबकी खबर ले

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालयः 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com


# उप्र में फारेंसिक इंस्टीयूट के छात्र बनेंगे धुरंधर

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) के विद्यार्थियों को फारेंसिक की फील्ड में धुरंधर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार फारेंसिक की दिग्गज यूनिवर्सिटी से एमओयू साइन करने जा रही है।

■ योगी सरकार फारेंसिक की दिग्गज यूनिवर्सिटी से एमओयू साइन करने जा रही, एमओयू यूपीएसआईएफएस और चारसंस्थानों के बीच होगा

यह एमओयू यूपीएसआईएफएस और चार विभिन्न संस्थानों के बीच होगा। इसमें महाराणा प्रताप इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलाजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी द्धकेजीएमयूत्र शामिल हैं। इन संस्थानों के साथ सहयोग से यूपीएसआईएफएस के छात्रों को इंटर्नशिप, रिसर्च और प्रैक्टिकल एक्सपोजर के व्यापक अवसर मिलेंगे। इससे जहां एक ओर छात्रों को व्यावहारिक और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में फारेंसिक विशेषज्ञ के रूप में तैयार करना है।। यूपीएसआईएफएस के डायरेक्टर जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फारेंसिक साइंस के छात्रों को 'जाब रेडी' बनाना चाहते हैं। अब तक फारेंसिक शिक्षा में थ्योरी का दबदबा ज्यादा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल पर विशेष फोकस है। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसआईएफएस चार विभिन्न संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलाजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमओयू करने जा रहा है। इन एमओयू के जरिए छात्रों को केस स्टडी, पोस्टमार्टम प्रक्रिया, मेडिकल-लीगल पहलुओं और अपराध अनुसंधान के व्यावहा. रिक पहलुओं को समझने का मौका मिलेगा। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ होने वाले समझौते के तहत यूपीएसआईएफएस के छात्र फारेंसिक मेडिसिन विभाग में पोस्टमार्टम की बारीकियों को करीब से समझ सकेंगे। इसमें पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया का अध्ययन शामिल होगा। इससे छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी घटना में मौत किन परिस्थितियों में हुई और वैज्ञानिक तरीके से उसका विश्लेषण कैसे किया जाता है। डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि उप्र कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ एमओयू से छात्रों को जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करने का मौका मिलेगा। छात्र यह जान सकेंगे बंदियों के मामलों में जमानत कैसे होती है, जेल का वातावरण कैसा होता है।

# छुट्टा पशु के हमले में किसान की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, नहीं थम रहा छुट्टा पशुओं का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार दोपहर खेत से छुट्टा पशुओं को भगाने गये एक किसान पर सांड ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई है। ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी रोष है।

रहरा थाना इलाके के ग्राम ढकिया खादर निवासी इकबाल सिंह पुत्र मलखान सिंह काफी समय से जंगल स्थित अपने खेत पर मकान बनाकर रह रहे थे। सोमवार दोपहर उन्हें सूचना मिली कि कुछ छुट्टा पशु उनके गेहूं के खेत में



घुसकर फसल बर्बाद कर रहे हैं। इकबाल तुरंत खेत की ओर भागे और पशुओं को खदेड़ने लगे। इसी दौरान एक आक्रामक सांड ने उन पर हमला बोल दिया। सांड ने उन्हें सींगों से उठाकर सड़क पर पटक दिया। जिससे सिर और शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण इकबाल सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गये। रहरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी कुंतेश और दो बेटों सोनू, मोनू को रोते-बिलखते छोड़ गये हैं। क्षेत्र में बढ़ते छुट्टा पशुओं के हमलों से ग्रामीण डरे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। रहरा थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।



# दबंगों ने महिला व उसके दो बच्चों को पीटा

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा में रविवार की रात दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुराने विवाद के चलते तीन दबंगों ने एक मजदूर के घर में घुसकर उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के वक्त घर का मुखिया प्रेम सिंह मजदूरी के सिलसिले में हरियाणा गया हुआ था। दबंगों ने घर में अकेली महिला यशोदा उसकी बेटी प्रियंका और बेटे गौरव को निशाना बनाया। आरोपियों ने तीनों के साथ बेरहमी से मारपीट की और शोर सुनकर ग्रामीणों को इकट्ठा होता देख जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस हमले में मां और उसके दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में परिजन घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को नामजद तहरीर दी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रियंका और गौरव की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# 1008 कलशों से भगवान महावीर का अभिषेक

## डीएम-एसपी ने आरती कर शोभायात्रा का किया शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। महावीर जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीजी का 1008 कलशों द्वारा अभिषेक हुआ, डीएम, एसपी ने आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

सोमवार को नगर में महावीर जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनन्द की आरती के पश्चात शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर से शुरू शोभायात्रा कोतवाली, बसवान गंज, बाजार गुजरी, कटरा, शफातपोता, कोट चौराहा होते हुए कोट स्थित जैन मंदिर पहुंची जहां श्रीजी का 1008 कलशों द्वारा अभिषेक हुआ। यात्रा में खवासी के रूप में विशाल जैन व इंद्र, इंद्राणी के रूप में राजेश जैन, इंदु जैन को बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत व अभिनंदन हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश जैन, संदीप जैन, पीयूष जैन, सिद्धार्थ जैन, अखिल जैन, शुभंभ जैन, नमन जैन, दीपाली जैन, अंजली जैन, पूजा जैन एवं समस्त जैन समाज उपस्थित रहा।

# लव मैरिज से नाराज परिजनों ने बेटी को पीटा

## फैसले के बहाने बुलाया, देवर को भी धुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। प्रेम विवाह का फैसला एक युवती के लिए मुसीबत बन गया। शादी से नाराज परिजनों ने अपनी ही बेटी को रास्ते में रोक लिया और उसके साथ चल रहे नाबालिग देवर पर भी हमला कर दिया। बीच सड़क हुई इस मारपीट से इलाके में हड़कंप मच गया।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव असगरीपुर निवासी जुबैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने करीब एक साल पहले मोहसिन के साथ अपनी मर्जी से लव मैरिज की थी। इस फैसले के बाद से ही उसके मायके वालों ने उससे रिश्ता तोड़ लिया और तभी से उसके प्रति रंजिश रखने लगे। घटना 27 मार्च की शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। जुबैन अपने 14 वर्षीय देवर जसीम के साथ ससुराल के पुराने घर की ओर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में उसके पिता फुरकान, भाई जैनुल और जुनैद तथा तहेरे भाई अरबाज मिल गए। चारों ने देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब जुबैन ने विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों को घेरकर बेरहमी से पीट दिया, जिससे वे घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवती के पिता और भाइयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### संरक्षक ने प्रधानाचार्य को किया निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के सिहाली गौसाई स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के संरक्षक सतीश कुमार भास्कर ने कारण बताओ नोटिस का प्रत्युत्तर न देने पर प्रधानाचार्य महेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं प्रधानाचार्य ने इस कार्रवाई को इकतरफा बताया है। इस कार्रवाई से संबधित पत्र प्रेस को जारी करते हुए सतीश कुमार भास्कर ने प्रधानाचार्य महेश कुमार पर 15 मार्च 2026 को दिए गए कारण बताओ नोटिस का कोई प्रत्युत्तर नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई की। संरक्षक ने महेश कुमार को निर्देशित किया है कि जब तक उनके विरूद्ध जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक वे संस्था के कार्य आदि में हस्तक्षेप न करें और संस्था की सभी चाबियां, अभिलेख आदि प्रबंध समिति को हस्तांतरित करेंगे। वहीं महेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई इकतरफा है। प्रबंधक व संरक्षक दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। मामला रजिस्ट्रार के संज्ञान में है, उनके माध्यम से जो भी निर्देश मिलेगा उसी के अनुरूप अगला कदम उठाएंगे।

■ **प्रधानाचार्य ने कार्रवाई को इकतरफा बताया**

### जैथल प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव की धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। सोमवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जैथल में वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मौजूद लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों पर अभिभावकों और ग्रामीणों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। मेधावी और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं एआरपी सत्य प्रकाश गौतम ने सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की। इस मौके पर पूर्व एआरपी पवन कुमार, ग्राम प्रधान, राशन डीलर, आनंद कुमार, महेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक रंजीता, शिवानी, अमृता आर्य, शिक्षामित्र देवेंद्र सिंह, आंगनबाड़ी सुनीता व ब्रजवाला मौजूद रहीं।

# नशे में पिता-पुत्र ने घर से बुलाकर युवक को पीटा

## मुकदमे में समझौता न करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मारपीट के मुकदमे में फैसले का दबाव बना रहे पिता-पुत्र ने शराब के नशे में हंगामा किया। वादी के बेटे को घर से बुलाने के बाद मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव देहरा की है। यहां रहने वाले योगेंद्र सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 28 मार्च की शाम में गांव का ही अनूप और उसका बेटा निपेंद्र घर के बाहर आकर हंगामा करने लगे, आरोप है कि दोनों नशे में थे। धोखे से भतीजे यश कटारिया को घर से बाहर बुलाने के बाद उसका गिरेबान पकड़ लिया, उसके साथ मारपीट की। योगेंद्र के मुताबिक उसके भाई स्व.योगेश ने अनूप और उसके बेटे निपेंद्र के खिलाफ पूर्व में मारपीट व गाली-गलौज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था जो अदालत में विचाराधीन है। आरोपी पिता-पुत्र इसी मुकदमे में फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। इनकार करने पर आए दिन घर के बाहर आकर हंगामा करते रहते है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र यादव ने मामले में आरोपी अनूप व निपेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# नेकपुर न्याय पंचायत को अमरोहा में शामिल करो

## आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने उठायी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने नेकपुर पंचायत को अमरोहा में शामिल करने और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लिए जाने की मांग को धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट मे नारेबाजी कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि संभल जिले की नेकपुर न्याय पंचायत के 23 गांवों को अमरोहा में शामिल किया जाए, और छुट्टा पशुओं,जंगली जानवरों व आवारा कुत्तों, बंदरों से जान मॉल के नुकसान को रोका जाए। बिजली बिल 2023 व स्मार्ट मीटर योजना वापस ली जाए। जबकि 60 वर्ष की आयु के सभी किसानों, मजदूरों को दस हजार प्रति माह बुढ़ापा पेंशन दी जाए और प्राथमिक शिक्षा से ही बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाए। अमेरिका, इजराइल बिना शर्त युद्ध बंद करे। प्रदर्शन करने वालो में जिला संयोजक गंभीर सिंह, राजेंद्र सिंह, विनोद शर्मा, बलवीर प्रीतम, महेंद्र, बलविंदर, वीरेंद्र, सोमपाल, जसपाल, नन्हे खां, शाहिद खां, माया चौहान नोबहर सिंह, सुखपाल, महावीर व फहीम चौधरी शामिल रहे।




### हसनपुर के विनय सैनी बने असिस्टेंट कमिश्नर



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर के मोहल्ला पूठ रोड काला शहीद निवासी समाजसेवी विजयपाल सिंह सैनी के पुत्रविनय सैनी ने यूपी यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तर असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स का पद प्राप्त किया है। विनय सैनी की सफलता से परिजनो एवं नगर की जनता में हर्ष का माहौल बना हुआ है। विनय सैनी के सिलेक्ट होने का पता जैसे ही परिवार के लोगों को लगा तो वहां जश्न का माहौल बन गया। परिजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए विनय सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मोहल्ले में चर्चा है कि विनय सैनी बहुत ही होनहार छात्र रहे हैं। और यह उनके परिश्रम का ही नतीजा है कि वह इस मुकाम पर पहुंचे है।

# नगर में धूमधाम से निकली बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा



## श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर शहर में धूमधाम से निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

सोमवार को नगर में बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर धूम धाम से निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा मे बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल रहे जिनके हाथों में बाबा का निशान मौजूद था। श्याम भक्त बाबा श्याम खाटू के नारे लगाते चल रहे थे। निशान यात्रा सुबह 10 बजे गंगानाथ मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, कोतवाली, बाजार बसवा गंज, कटरा, घेर मुनाफ, बेगम सराय, शफात पोता, कोट चौराहा, बाजार बटवाल होती हुई, पुष्कर नगर बाबा श्याम के मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा का शहर में श्रद्धालुओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया, मंदिर पहुंचने पर बाबा की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रोहित अग्रवाल,सारिका अग्रवाल, समीर खंडेलवाल, प्रियंका खंडेलवाल, मोहित, रुपाली, तुषार जिंदल, सनी जैन, अनुभव, अंशु अग्रवाल, नीरज, अशोक आदि श्याम भक्त मौजूद रहे।

### मेहनत व अनुशासन ही सफलता की कुंजीः कमर




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। तैयब जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजर कमर नकवी और प्रधानाचार्य सैयद शारिक रिजवी ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी, वहीं अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। इस मौके पर मैनेजर कमर नकवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। प्रधानाचार्य सैयद शारिक रिजवी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सबसे मजबूत माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावकगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के भतीजे बने नायब तहसीलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पूर्व विधायक हरपाल सिंह एवं गजरौला की पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी के भतीजे एवं

■ **इस उपलब्धि पर लगा बधाईयों का तांता**

भाजपा नेता विपिन सागर के सगे छोटे भाई विजेंद्र सिंह ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनका चयन नायब तहसीलदार पद के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में जश्न का माहौल है। सोमवार को पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने अपने आवास पर एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को मिठाई खिलाकर अपने भतीजे को मिली कामयाबी का जश्न मनाया। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार के पद पर चयनित बिजेंद्र सिंह उनके भाई स्वर्गीय प्रेम सिंह के पुत्र हैं। वहीं विजेंद्र सिंह के हसनपुर तहसील के गांव सांथलपुर की मंढैया स्थित आवास पर उनके परि. जनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है। बेटे को मिली इस कामयाबी से मां जयवंती देवी काफी गदगद हैं। भाजपा नेता विपिन सागर ने बताया कि विजेंद्र सिंह उनके सगे छोटे भाई हैं। उनका लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनने का है। जिसके लिए वे सतत प्रयासरत हैं, आगे भी वे प्रयास करते रहेंगे।



# सफलता के लिए कड़ा परिश्रम जरूरीः इकबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के नाईपुरा स्थित सेंट सैफ इंग्लिश एकेडमी एवं सेंट सेफ इण्टर कॉलेज का वार्षिकोत्सव संयुक्त रूप से

■ **सेंट सेफ इंग्लिश एकेडमी व इण्टर कॉलेज का वार्षिकोत्सव**

धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों में अध्धयनरत विद्यार्थी माहिरा, आर्यन, अश्विनी, ऋषभ, भूमि, भावना, निश्चित सैनी, भव्या, हुमैरा, कृतिका, हिमांशी, सावन, सलोनी, प्रिंस सैनी, रितिका, रिंकू, सुतिल, रोजिश, तनु, आरती, भूमिका, आफिया, मीनाक्षी, अभिषेक, चाहत, अदीबा, बुशरा, अंशिका, वाशु, गौसिया आदि को कक्षा में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। प्रबंधक इकबाल अहमद सैफी ने कहा कि जिन बच्चों ने अथक परिश्रम करके अच्छे अंक अर्जित किए हैं, वे भविष्य में भी इसी लय के साथ पढ़ाई करें। कम अंक पाने वाले बच्चे निराश न हों, बल्कि पुनः पुरजोर तरीके से प्रयास करें, उन्हें भी निश्चित सफलता प्राप्त होगी। क्योंकि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। इस मौके पर इंग्लिश एकेडमी में संध्या रानी, छाया, ज्योति सिंह, पूनम रानी, वैशाली, अंशु, राखी, करूणा त्यागी जबकि इण्टर कॉलेज में नीरज कुमार, तालिब, हैदर अली, जगवीर सिंह, कमल सिंह, बबलेश कुमार, विजय सिंह, मधु शर्मा, संतोष सैनी, सोनू ठाकुर, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।




### बैंक के बाहर से बाइक चोरी

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव देहरी गुर्जर निवासी किसान प्रदीप नगर सोमवार दोपहर किसी जरूरी काम से बदायूं-बिल्सी स्टेट हाईवे किनारे स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बैंक के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। इसी दौरान मौका पाकर कोई अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा आलम व उसकी पत्नी श्रीमति मुस्कान गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन परिवार से लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं। जिस कारण मैं व मेरे परिवार उनसे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**रहीस अहमद पुत्र जमरूद अहमद**
निवासी मौहल्ला तलवार शाह
नईबस्ती अमरोहा

# नेहा पांचाल बनीं पीसीएस-2024 की टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने रविवार आधी रात सम्मिलित राज्यप्रवर अधीनस्थ सेवा द्धपीसीएसत्र परीक्षा-2024 का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया। 947 पदों के मुक. ाबले 932 पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थियों में नेहा पांचाल शीर्ष पर हैं, जबकि उत्तर प्रदेश की अनन्या त्रिवेदी को दूसरा और अभय प्रताप सिंह को तीसरा स्थान मिला। शीर्ष 10 में छह बेटियां हैं और इनमें चार यूपी के विभिन्न जिलों से हैं।

पीसीएस मुख्य परीक्षा का परिणाम चार फरवरी 2026 को जारी किया गया था। इसमें 2719 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया था। हाईकोर्ट में दाखिल याचिकाओं पर पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में दो अन्य अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार के लिए औपबंधिक रूप से सफल घोषित किया गया था। साक्षात्कार 26 फरवरी से 23 मार्च तक आयोजित किए गए। इसमें 21 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में शामिल 24 प्रकार के पदोंध्सेवाओं के लिए उपलब्ध 947 रिक्तियों के सापेक्ष 932 अभ्यर्थियों को आयोग ने सफल घोषित किया है। व्यवस्थाधिकारी का एक पद और व्यवस्थापक के 14 पद उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण खाली रह गए। जिनके पुनर्विज्ञापन की आयोग ने संस्तुति की है। चयन परिणाम आयोग की वेबसाइट पद पर उपलब्ध है।




**अंतिम चयन परिणाम जारी हुए 947 पदों के मुकाबले 932 पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थियों में नेहा पांचाल शीर्ष पर**

आयोग के सचिव अशोक कुमार के अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा घोषित सम्मिलित राज्यप्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा-2024 के परिणामों में इस बार अद्‌भुत संयोग देखने को मिला है। परिणाम में नेहा और श्वेता नाम की बेटियों का दबदबा रहा। प्रदेश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा में तीन नेहा ने डिप्टी कलेक्टर के पद पर अपना कब्जा जमाया है। परीक्षा परिणामों में टापर्स की सूची में नेहा और श्वेता नाम की गूंज सुनाई दे रही है।

नेहा पांचाल ने पहला स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि इस परीक्षा में अव्वल रहीं। इसी तरह नेहा सिंह ने पांचवां स्थान हासिल कर टाप-10 में जगह बनाई। इसी क्रम में नेहा तोमर ने 11वीं रैंक के साथ डिप्टी कलेक्टर के पद पर अपनी मुहर लगाई। इसी तरह प्रतापगढ़ की श्वेता द्विवेदी ने 29वां स्थान हासिल कर डिप्टी कलेक्टर पद हासिल किया है। इसी तरह श्वेता वर्मा और श्वेता गुप्ता का भी चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। आमतौर पर एक ही नाम के दो अभ्यर्थियों का चयन चर्चा में रहता है लेकिन शीर्ष पदों पर एक ही नाम की तीन महिला अभ्यर्थियों का चयन होना दुर्लभ संयोग माना जा रहा है।

## जैन मंदिर में धूमधाम से मनाई महावीर जयंती

**लखनऊ।** सोमवार को आशियाना स्थिति श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में अहिंसा और करुणा के संदेश के साथ धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती। अहिंसा और अपरिग्रह के प्रणेता जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को श्री दिगंबर जैन सेवा समिति आशियाना द्वारा अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर आशियाना में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया मुख्य समारोह श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर आशियाना में आयोजित हुआ, जहां विद्वान पंडित राजीव जैन शास्त्री के सानिध्य में भगवान महावीर का अभिषेक और शांतिधारा संपन्न हुई।

## अभिषेक बने कायस्थ महासभा गंगा पार अध्यक्ष



**प्रयागराज-ब्यूरो** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद इकाई के पदाधिकारियों की अहम बैठक झूंसी में संपन्न हुई। इस दौरान गंगापार इलाके के लिए गठित की गई नयी कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अभिषेक श्रीवास्तव को सौंपी गई।

बैठक में उपस्थित महासभा के महानगर अध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष द्धयमुनापारत्र संदीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महानगर ललित कुमार श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, रमन, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर समस्त पदाधिकारियों को जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक में कायस्थ परिवार के समस्त गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाठक ने मलाबार सीएसआर कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज लखनऊ में अपना सीएसआर कार्यक्रम आयोजित किया, जो वित्त वर्ष 2026द-27 के लिए कंपनी की 200 करोड़ की राष्ट्रीय सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश में यह पहल समूह के व्यापक राष्ट्रीय सीएसआर ढांचे के तहत राज्य-स्तरीय क्रियान्वयन को दर्शाती है, जिसका फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य, भूख उन्मूलन, आवास और पर्यावरणीय स्थिरता पर है।यह कार्यक्रम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के वरिष्ठ प्रतिनिधि, आमंत्रित अतिथि और स्थानीय समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### सेल्फास की बिक्री पर नियंत्रण को दिशा-निर्देश जारी

**लखनऊ।** जनपद के समस्त कीटनाशक विनिर्माता, स्टाकिस्ट, वितरक कम्पनी स्टाक एण्ड सेल प्वाइंट, थोक एवं फुटकर कीटनाशक विक्रेता, एग्रीजंक्शन, एफपीओ, साधन सहकारी समिति एवं पेस्ट कण्ट्रोल आपरेटर्स को सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार से कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी अधिनियम 1971 के अन्तर्गत सेल्फास के रेगुलेशन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। एल्यूमीनियम फास्फाइड द्ध।स्च्त्र जिसे आम बोल-चाल भाषा में सेल्फास भी कहा जाता है, जो एक खतरनाक जानलेवा कीटनाशक है जिसके दुर्घटनावश प्रयोग से जीवन खतरे में पड़ सकता है। जिसके लिये भारत सरकार द्वारा सल्फास बिक्री के कड़े नियम बनाये गये हैं।

### मच्छरों के प्रकोप से जीना मुश्किल

**बांगरमऊ।** नगर में बढ़ती गंदगी तथा गर्मियों की दस्तक ने मच्छरों के प्रकोप का खतरा बढ़ा दिया है। नालियों में ठहरा पानी, कूड़े के ढेर और साफ-सफाई की अनदेखी मच्छरों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। ऐसे में डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। नागरिकों ने जिला अधिकारी को पत्र भेज कर समस्या के समाधान की मांग उठाई है।

### उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेने की मांग

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आ]वान पर आज प्रदेश के समस्त जनपदों में बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियंताओं एवं संविदा कर्मियों द्वारा सभाएं आयोजित कर पावर कारपोरेशन प्रबंधन की उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरुद्ध जोरदार विरोध दर्ज कराया गया।संघर्ष समिति ने बताया कि आज ही अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को एक विस्तृत पत्र प्रेषित कर कर्मचारियों के उत्पीड़न से संबंधित गंभीर मुद्दों को उठाया गया है तथा सभी दमनात्मक कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है।

# अंतिम वोटर लिस्ट शामिल होंगे 3.23 लाख नए मतदाता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अंतिम वोटर लिस्ट 10 अप्रैल को जारी की जाएगी। इसमें 3,23,235 नए मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। नए मतदाता बनने के लिए आवेदनों का निस्तारण पूरा किया जा चुका है और अब अंतिम वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है।

एसआईआर के तहत अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट व मृतक श्रेणी में 11.56 लाख मतदाताओं को चिह्नित किया गया था जिनके नाम छह जनवरी 2026 को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे। इसके बाद नए मतदाता बनाने के लिए अभियान चलाया गया और अधिक से अधिक लोगों से इसके लिए फार्म-6 भरकर जमा करने की अपील की गई। इस दौरान 3,23,236 लोगों ने मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरे। इनमें से केवल एक फार्म का निस्तारण अवशेष रह गया। बाकी आवेदनों को निस्तारण कर दिया गया। मतदाता बनने के लिए 158 अनिवासीय भारतीयों ने फार्म-6 'ए' जमा किए हैं और इनका भी शत-प्रतिशत निस्तारण किया जा चुका है। नाम विलोपन के लिए 11,199 फार्म-7 जमा किए गए थे और इन सभी को निस्तारित किया जा चुका है।

# प्रयागराज में खादी के शोध पर सेमीनार सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** खादी के शोध, डिजाइनर, मानकीकरण एवं प्रचार प्रसार योजना के तहत खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जिले में मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का आयोजन, कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य के द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयी




फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य जी ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य खादी को पर्यावरण अनुकूलित स्वदेशी प्रकृति एवं स्टेबल बेसिक के रूप में बढ़ावा देना है साथी युवा पीढ़ी को खादी के आधुनिक स्वरूप व फैशन में इसकी उपयोगिता से अवगत कराना कराया जाएगा, ताकि खादी को एक ट्रेंडिंग एवं उपयोगी परिधान के रूप में अपने के लिए प्रेरित किया जा सके कार्यक्रम के में खादी उत्पादों की विशेषताओं नवाचार, डिजाइनर रोजगार के अवसर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी, इसी कड़ी में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइनर छात्रों द्वारा खादी के वस्त्रो का प्रदर्शन किया गया इस मौके पर डा मोनिशा सिंह, डा अरुंधती सिंह, अरविन्द यादव,रिद्धिमा नामदेव, नाजरीन बानो, सृष्टि आर्या,अक्षिता सिंह, सीगांधा, प्रिया, काजल सिंह, अंशिका विश्वकर्मा, शांभवी तिवारी, तनु सिंह, खुशी लता, आकांक्षा सिंह, अन्वेष श्रीवास्तव, सृष्टि श्रीवास्तव, प्रगति शाहा, इशिका द्विवेदी,सृष्टि चौरसिया,रिनी यादव, मनतशा जावेद मौजूद थे, सेमिनार में प्रतिभा कर खादी से के प्रति जागरूकता बढ़ाएं एवं खादी की वस्तुओं के उपयोग को अपना बनाकर स्वदेशी पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस मौके पर खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल, सुनील, आशीष यादव, हिमांशु यादव, रामलाल मौजूद थे।

# इस्लाम में जुल्म आगे खामोशी की इजाजत नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस्लाम अमन, इंसाफ और भाईचारे का पैगाम देने वाला मजहब है, लेकिन यह हरगिज इस बात की इजाजत नहीं देता कि कोई इंसान जुल्म को खामा. ेशी से बर्दाश्त करता रहे। बल्कि जालिम के खिलाफ डटकर खड़ा होना ही असल इस्लामी तालीमात का हिस्सा है। ये बातें अंजुमन फलाह-ए-दारैन के अध्यक्ष मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने अमीनाबाद, लखनऊ की एक मस्जिद में आयोजित मजलिस-ए-अजा से पहले अपने खिताब में कहीं। मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने अपने जोशीले अंदाज में कहा कि शोहदा की कुर्बानियां उम्मत के लिए एक पैगाम हैं। आज वक्त की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि मुसलमान अपने तमाम इख्तिलाफ़ात को भुलाकर एक प्लेटफार्म पर इकठा हों और आलम-ए-इस्लाम की हिफाजत के लिए एकजुट हो जाएं।



उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन का दीन है, लेकिन जुल्म के खात्मे के बगैर असली अमन कायम नहीं हो सकता। मौलाना कासमी ने मौजूदा आलमी हालात पर भी बात की और कहा कि कुछ ताकतें यह समझती थीं कि दीनदार कयादत कमजोर होती है। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि वे शिया, सुन्नी, बरेलवी और देवबंदी जैसे तमाम फिरकों के इख्तिलाफ़ात को पीछे छोड़कर उम्मत की बेहतरी और एकता के लिए साथ आएं। इसके बाद मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अली अब्बास खान ने वाके-ए-कर्बला पर रोशनी डाली और कहा कि कर्बला हमें यह दर्स देती है कि दीन-ए-इस्लाम की हिफाजत के लिए हर कुर्बानी देने का जज्बा अपने अंदर पैदा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शो. हदा-ए-कर्बला की याद हमें जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने और हक की हिमायत करने का हौसला देती है। मजलिस के आखिर में शोहदा को खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया व उनकी मगफिरत व बुलंदी -ए-दराजात के लिए दुआ की गई। इस मौके पर शहर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की निजामत जनाब गुलरेज नकी ने अंजाम दी।

## दिगंबर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाई महावीर जयंती

**लखनऊ ।** सोमवार को आशियाना स्थिति श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में अहिंसा और करुणा के संदेश के साथ धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती। अहिंसा और अपरिग्रह के प्रणेता जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को श्री दिगंबर जैन सेवा समिति आशियाना द्वारा अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर आशियाना में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि ष्आज के अशांत युग में भगवान महावीर के सिद्धांत सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। यदि हम केवल श्अहिंसाश और श्अपरिग्रहश (जरूरत से ज्यादा संग्रह न करना) को अपने जीवन में उतार लें, तो विश्व की अधिकांश समस्याओं का समाधान हो सकता है। इस अवसर पर समिति के मंत्री अजय जैन के साथ ही अखिलेश जैन, शरद कुमार जैन, अंकित जैन, अनूप जैन, आशीष जैन, बृजेश जैन, महिला मंडल की उपाध्यक्ष डा सविता जैन सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती स्वीटी जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती संगीता जैन, के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वात्सल्य भोज द्धभोजत्र के बाद सन्मति डिपार्टमेंटल स्टोर के बाहर आम पब्लिक के लिए किए गए विशाल भंडारे के साथ हुआ।

## दो भागों में बंटी बच्ची की रीढ़ की हड्डी का हुआ सफल आपरेशन

**प्रयागराज।** तीन वर्षीय बच्ची की दो भागों में बंटी रीढ़ की हड्डी द्धस्प्लिट कार्ड मालफार्मेशनत्र का स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय के न्यूरो सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने सफल आपरेशन किया।

करीब छह दिन बाद बच्ची को अस्पताल से छुटी मिल गई। चिकित्सकों का कहना है कि यह एक दुर्लभ बीमारी है, जो पांच हजार में किसी एक बच्चे को होती है। मिर्जापुर की तीन वर्षीय बच्ची की रीढ़ की नस में जन्म से गांठ की समस्या थी, जिसका एक आपरेशन बचपन में हो चुका है। मगर यह आपरेशन सफल नहीं हुआ। इसकी वजह से बच्ची की स्पाइनल कार्ड की हड्डी अतिवृद्धि के कारण दो भागों में बंट गई, जिससे उसके दोनों पैर कमजोर हो गए।एसआरएन अस्पताल में एमआरआई की जांच के बाद इस समस्या की पुष्टि हुई। न्यूरो सर्जन डा. पंकज गुप्ता ने बताया कि इस जटिल आपरेशन में बहुत सावधानी बरतनी पड़ती। पहले सावधानीपूर्वक बीच की हड्डी को माइक्रो ड्रिल से हटाया गया और फिर विभाजित नसों को मध्य में संगठित करके एकल स्पाइनल कार्ड का पुनर्निर्माण किया गया।

# पुलिस-प्रशासन की कमान संभालेगी बेटियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पीसीएस-2024 के अंतिम चयन परिणाम ने साफ संदेश दिया है कि प्रदेश में अब प्रशासन और पुलिस की कमान बेटियों के हाथों में आने जा रही है।

**डिप्टी कलेक्टर के 37 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों में से 21 बेटियां हैं और डिप्टी एसपी के17 में से सात पदों पर बेटियों का चयन**

बड़ी बात है कि डिप्टी कलेक्टर के 37 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों में से 21 बेटियां हैं और डिप्टी एसपी के 17 में से सात पदों पर बेटियों का चयन हुआ है। 932 पदों में से एक तिहाई पदों पर महिला अभ्यर्थी चयनित हुई हैं। वहीं, असिस्टेंट कमिश्नर (कामर्शियल टैक्स) के 196 में से 76 पदों और एआरटीओ के 16 में से छह पदों पर महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसी तरह ट्रेजरी आफिसर के 22 पदों में से छह पदों की जिम्मेदारी बेटियां संभालेंगी और जिला कमांडेंट होमगार्ड के दो पदों में से एक पद पर महिला अभ्यर्थी का चयन किया गया है। सहायक आयुक्त उद्योग के 18 पदों में से सात पर बेटियों ने सफलता हासिल की। वहीं, खंड विकास अधिकारी के पदों पर चयनित 72 में से 24 बेटियां हैं।

जबकि समाज कल्याण अधिकारी के नौ में से तीन पदों पर महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। खास यह है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के एकमात्र पद पर महिला अभ्यर्थी गरिमा सिंह का चयन हुआ है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिक. ारी के पांच में से तीन और जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी के चार में से तीन पदों पर महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

इनमें प्रिया शर्मा, साक्षी गुप्ता व एनाक्षी गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा नायब तहस. ीलदार के 258 पदों में से 67 पदों पर महिला अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया है। वहीं, डिप्टी जेलर के 60 में से 16 पदों की कमान बेटियां संभालेंगी। नेहा पांचाल, अनन्या त्रिवेदी, अभय प्रताप सिंह, अनामिका मिश्रा, नेहा सिंह, दीप्ति वर्मा, पूजा तिवारी, अनुराग पांडेय, शुभम सिंह, आयुष पांडेय, नेहा तोमर, संतोष प्रजापति, सुषमा यादव, विनय कुमार उपाध्याय, दीक्षा अग्रवाल, गरिमा शर्मा, करिश्मा चौहान, हर्ष पुष्पाकर, कुमारी ज्योति, सोनम यादव, श्वेता वर्मा, पंकज वर्मा, अनुराग प्रताप सिंह, हरिवेंद्र सिंह गुज्जर, श्वेता गुप्ता, शृष्टि चौधरी, अभय सिंह राजपूत, अंकित पांडेय, श्वेता द्विवेदी, कृतिका चौधरी, सचिन कुमार, सोनाली सिंह, विनय कुमार, अविनाश कुमार, जैसमिन वर्मा, प्राची, मो. गुलरेज खान शामिल हैं।

# मुस्लिमों पर भी लागू होते हैं अभिभावक व आश्रित एक्ट

## नाबालिग बच्चों की अभिरक्षा कस्टडी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया अपना रूख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि मुस्लिम व्यक्तिगत कानून द्धपर्सनल लात्र से शासित होने वाले पक्षकार भी अपने नाबालिग बच्चों की अभिरक्षा द्धकस्टडीत्र प्राप्त करने के लिए 'अभिभावक एवं आश्रित अधि. नियम-1890' के प्रावधानों का सहारा ले सकते हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम एक सामान्य कानून है, जो धर्म पर ध्यान दिए बिना सभी व्यक्तियों पर लागू होता है। मुस्लिम पर्सनल ला के तहत आने वाले लोग भी इसके माध्यम से राहत पाने के हकदार हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार-दशम की एकल पीठ ने रिजवाना की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है।बस्ती निवासी रिजवाना ने दो नाबालिग बच्चों की अभिरक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। याची का तर्क था कि मुस्लिम कानून के अनुसार सात वर्ष से कम आयु के बालक और नाबालिग लड़की की अभिरक्षा का अधिकार मां के पास होता है। साथ ही यह दलील दी गई थी कि अभिभावक एवं आश्रित अधिनियम-1890 मुस्लिम पक्षकारों पर प्रभावी नहीं होता। इसलिए बच्चों की अभिरक्षा का विवाद केवल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के जरिये ही तय किया जा सकता है।

अदालत ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि 'अभिभावक एवं आश्रित अधि. नियम 1860' की धारा-6 किसी भी वर्ग के व्यक्ति को अदालत जाने से नहीं रोकती, बल्कि यह विभिन्न श्रेणियों के अभिभावकों को मान्यता देने का काम करती है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिभावक शब्द की परिभाषा काफी व्यापक है। इसमें बच्चे की हिरासत का अधिकार भी शामिल है। हाईकोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट 1984की धारा-7 के तहत परिवार न्यायालय को नाबालिगों की संरक्षकता और हिरासत से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

कोर्ट ने कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक संक्षिप्त प्रक्रिया है, जिसमें साक्ष्यों का विस्तृत मूल्यांकन और बच्चों के कल्याण की गहन जांच संभव नहीं है। अंत में अदालत ने याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता को सलाह दी कि वह उचित राहत के लिए सक्षम परिवार न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखें।

**सूचना**

**प्रयागराज (इलाहाबाद) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-**

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**(प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 9415351850**

**कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर (नवादा), प्रयागराज**

**email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0522-4041004

**मुख्यालय:**

मोबाइल-9720007290

RNI No. UPHIN/2009/31463

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डेटिंग ऐप के जरिए लूट करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक संगठित साइबर-लूट गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन, कार सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। नोएडा पुलिस की इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार को मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से सेक्टर-76 नोएडा क्षेत्र से तीन आरोपी शिवम झा, सागर ठाकुर और कमल को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी नोएडा सेक्टर 51 होशियारपुर के रहने वाले हैं। इनके पास से 30 हजार रुपये नकद, चार मोबाइल फोन, बिना नंबर प्लेट की एक बलेनो कार, पीली धातु की एक चेन तथा दो फर्जी कार नंबर प्लेट बरामद की गई हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन डेटिंग ऐप ग्राइंडर के माध्यम से लोगों को निशाना बनाते थे। यह गैंग पहले ऐप पर लोगों से दोस्ती करता था और फिर उन्हें मिलने के लिए सुनसान या तय स्थान पर बुलाता था। मुलाकात के दौरान आरोपी पीड़ित को अपनी कार में बैठाकर डराते-धमकाते थे और उसके जरिए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवा कर पैसे निकलवा लेते थे। कई मामलों में लूटपाट की घटनाएं भी अंजाम दी गईं।



**आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड:** मुख्य आरोपी शिवम झा के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े गंभीर मामले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यह गैंग लंबे समय से सक्रिय था और नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वारदात को अंजाम दे चुका है।

**मुकदमा दर्ज, आगे की जांच जारी:** इस संबंध में थाना सेक्टर-113 में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धाराएं शामिल हैं। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# हाईराइज सोसाइटी में लिफ्ट की समस्या

**हिमालय प्राइड में महिला फंसी, सुरक्षा पर उठे सवाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हाईराइज सोसाइटियों में लिफ्ट से जुड़े मामले थमने का नाम ही नही ले रहे हैं। नोएडा व ग्रेटर नोएडा में बिल्डर की ओर से खरीदारों के लिए बनाए गए लाखों करोड़ों रुपये के फ्लैट में आए दिन लिफ्ट अटकने के मामले सामने आ ही जाते हैं। लिफ्ट फ्री फॉल की वजह से इन ऊंची ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग अब डर के साये में जी रहे हैं।

उनका कहना है कि पता नही कब लिफ्ट फ्री फॉल हो जाए और नोएडा के सेक्टर-137 स्थित पारस टियारा सोसाइटी में वर्ष 2023 में लिफ्ट की केबल टूटने से जिस तरह एक बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी, कहीं इसी तरह इस सोसाइटी में भी कोई बड़ी घटना न घटित जाए। लोगों ने लिफ्ट फ्री फॉल जैसे गंभीर मुद्दों पर डीएम मेधा रूपम से निवेदन किया है कि मामले में खुद संज्ञान ले और आवश्यक कार्रवाई करे।

अब ताजा मामला ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाईराइज सोसाइटी से सामने आया है। यहां हिमालय प्राइड सोसाइटी में एक बार फिर लिफ्ट खराब हो गई। लिफ्ट अटकने के दौरान एक महिला लिफ्ट के अंदर करीब 15 से 20 मिनट तक फंसी रही। जिस वजह से महिला की हालत बहुत खराब हो गई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस सोसाइटी में लिफ्ट फ्री फॉल जैसी घटना कोई नई नहीं है। ऐसा आए दिन होता रहता है। कई बार मेंटेनेंस डिपार्टमेंट को इस बारे में बता चुके है लेकिन जब तक किसी की जान न चली जाए, तब तक इनके कानों में जूं तक नही रेंगेगी।

सोसायटी के एओए सचिव मयंक मिश्रा ने बताया कि यहां रोजाना लिफ्ट खराब हो रही है। हाल ही में 12 लोग, जिनमें 10 बच्चे शामिल थे, लिफ्ट में लगभग 1 घंटे तक फंस गए थे। सोमवार को भी एक महिला लिफ्ट में फंस गई, जिन्हें 15-20 मिनट बाद रेस्क्यू कर निकाला गया। उनकी हालत गंभीर है। बिल्डर प्रबंधन से कई बार लिफ्ट के रखरखाव की शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ये है आरोप

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर बिल्डर पक्ष ने हाल ही में सोसाइटी की बिजली कटवा दी थी, जिससे निवासी करीब 6 घंटे तक परेशान रहे। सोसाइटी में लिफ्ट फंसने की घटनाएं रोजाना बढ़ रही हैं, लेकिन कोई भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है और न ही कोई हमारी समस्या को सुनने वाला है। सोसाइटी वासियों ने महिला की हिम्मत बढ़ाई, उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

## आवासीय भूखंडों की योजना आएगी

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी में आवासीय भूखंडों की योजना अप्रैल के पहले सप्ताह तक आएगी। इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए भी 40 वर्ग मीटर के भूखंडों की योजना लाने की तैयारी है। यीडा के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि यूपी रेरा से प्राधिकरण को आवासीय भूखंड योजना के लिए एनओसी मिल चुकी है। यीडा ने सेक्टर-15सी, सेक्टर-18 और सेक्टर-24ए में 973 भूखंडों की परियोजना प्रस्तावित की है, जिसमें सर्वाधिक 965 प्लॉट 150 से 200 वर्गमीटर के होंगे। इसके अलावा 200 से 250 वर्गमीटर के छह भूखंड और 250 से 500 वर्गमीटर के दो भूखंड प्रस्तावित हैं। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भी प्राधिकरण ने 40 वर्गमीटर के भूखंडों की योजना निकालने की तैयारी कर ली है।

# बंद मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाश

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से ₹21,000 नकद, आभूषण, लैपटॉप, टीवी, मोबाइल फोन और अवैध हथियार बरामद किए हैं। यह कार्रवाई रविवार को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर चिपियाना बुजुर्ग क्षेत्र में की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाबू उर्फ बाबुल हुसैन और शफीकुल इस्लाम के रूप में हुई है। दोनों मूलरूप से असम के रहने वाले हैं। वर्तमान में गाजियाबाद के बम्हेटा गांव में किराए के मकान में रह रहे थे। पूछताछ में दोनों ने कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बंद पड़े मकानों को निशाना बनाते थे और मौका मिलते ही ताला तोड़कर अंदर घुस जाते थे। जांच में सामने आया कि 17 मार्च की रात आरोपियों ने ग्रीन इन्क्लेव क्षेत्र में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



वहां से उन्होंने सोने-चांदी के आभूषण, लैपटॉप और टीवी समेत कई कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा फरवरी महीने में जीटी रोड स्थित लालकुआं इलाके में एक मेडिकल स्टोर से नकदी और दवाइयों की चोरी भी इन्हीं आरोपियों ने की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ₹21,000 नकद, तीन अंगूठियां, एक जोड़ी कुंडल, एक नाक की बाली (पीली धातु), डेल कंपनी का लैपटॉप, 40 इंच का सैमसंग स्मार्ट टीवी, एक मोबाइल फोन, पिट्ठू बैग, कपड़े, दवाइयों की शीशियां और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

**आरोपियों पर कई मुकदमे दर्ज:** दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बिसरख में चोरी और आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने इनके आपराधिक इतिहास की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और अपराधियों को कड़ा संदेश गया है कि कानून से बचना संभव नहीं है।

## एक नजर

### शाहबेरी में परचून की दुकान में लगी आग, फूड स्टॉल तक फैली

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गाँव में एक परचून की दुकान में आग लग गई। आग तेजी से फैलकर पास के एक फूड स्टॉल और एक अन्य दुकान तक पहुँच गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। यह घटना शाहबेरी गाँव में राधा स्वामी आश्रम, गली संख्या-1 के पास हुई। चश्मदीदों के मुताबिक, दोपहर में एक किराने की दुकान से धुआँ उठता देखा गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और पास के फूड स्टॉल तक फैल गई। धुएँ का गुबार देखकर आसपास के लोगों में हलचल मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही बिसरख पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुँचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय पर कार्रवाई से आग को घनी आबादी वाले अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जाँच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### दो मंजिला मकान ढहा

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित नीमका गांव में रविवार को एक दो मंजिला मकान अचानक ढह गया। यह मकान खेतों के बीच बना था। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि मकान खाली था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। प्राधिकरण द्वारा जेवर एयरपोर्ट निर्माण के लिए आसपास के कई गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत अधिकांश मकानों को खाली करा दिया गया था। नीमका गांव का यह मकान भी उन्हीं में से एक था, जो खाली पड़ा था और अचानक ढह गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू कराया। साथ ही आसपास के ग्रामीणों को निर्देश दिए गए कि वे खाली और जर्जर मकानों के पास न जाएं, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि अधिग्रहित जमीन पर किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं है और इस संबंध में किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। जेवर थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि मकान पूरी तरह खाली था और घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। क्षेत्र से मलबा हटाकर उसे सुरक्षित कर दिया गया है।

### दूधिया हाईमास्ट लाइटों से रोशन हुए ग्रेटर नोएडा के पार्क

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा, गामा और जीटा में स्थित पार्कों में 38 एलईडी हाईमास्ट लाइटें प्राधिकरण की तरफ से लगाई गई हैं। इससे पार्कों में रोशनी बढ़ गई है। एलईडी लाइटों से पार्क के चारों तरफ पर्याप्त रोशनी पहुंच रही है। सोमवार को दादरी विधायक तेजपाल नागर ने सेक्टर -जीटा टू में आयोजित कार्यक्रम में हाईमास्ट लाइटें सेक्टरवासियों को समर्पित की। विधायक ने प्राधिकरण के इस कार्य की सराहना करते हुए सेक्टर की सभी समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि अन्य सेक्टर के पार्कों में भी एलईडी हाईमास्ट लाइटें जल्द लगाई जाएंगी। लोकार्पण कार्यक्रम में प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से वरिष्ठ सौरभ भारद्वाज, प्रबंधक वी.वी. राय आदि मौजूद रहे।

### कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में धमकी देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** सूरजपुर कस्बे में करीब 15 दिन पहले गली में कार खड़ी करने पर पड़ोसियों से हुए विवाद को लेकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। एक आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला रेखा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला रेखा ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी रौनक और रोकी से 14 मार्च को गली में कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। इस बीच दोनों भाइयों ने मिलकर महिला और उसके पति से मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी अब इस मामले में मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। एक अन्य आरोपी से फोन कर जान से मारने की धमकी दिलवाई जा रही है। पीड़िता ने परेशान होकर पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# युवक की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हत्या को सड़क हादसे का रूप देने और शव को छिपाने की कोशिश की थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार, हथियार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से अमरपाल, अमित कुमार और सनी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई इको कार, हत्या में प्रयुक्त एक लोहे का पाना, तीन मोबाइल फोन और एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि मृतक अमित उर्फ भोंचू के खिलाफ अमरपाल के पक्ष की एक नाबालिग से बलात्कार का मुकदमा दर्ज था, जिसमें अमित जेल गया था। जेल से बाहर आने के बाद दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव चल रहा था। 23 मार्च को अमरपाल, अमित और सनी अपनी इको कार से बागेश्वर धाम, मध्य प्रदेश घूमने गए थे। इसी दौरान अमरपाल को अपनी भाभी के माध्यम से सूचना मिली कि अमित उसके घर के पास देखा गया है। इसके बाद अमरपाल ने अपना फोन बंद कर लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बागेश्वर धाम से लौटते समय अमित उर्फ भोंचू की हत्या की योजना बनाई।

## कंपनीकर्मियों को लात-घूंसों से पीटा

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले दो युवकों को पुरानी रंजिश के चलते एक कंपनीकर्मी ने अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दो नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईटा-2 स्थित मिशगन विलेज निवासी नितीश शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 के ए ब्लॉक की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। वह 28 मार्च को दोस्त आर्यन सोम के साथ कंपनी आ रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे कंपनी के पास ही सहकर्मी योगेश कुमार निवासी सेक्टर-22 मिल गया।

उसके साथ उसका भाई प्रशांत और दो अज्ञात दोस्त भी थे। आरोप है कि योगेश ने आर्यन सोम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

# बस चलने से सिर के बल रोड पर गिरी महिला की मौत, प्रारंभिक जांच में ड्राइवर-कंडक्टर दोषी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर थाना क्षेत्र में प्राइवेट बस में यात्रा कर रही महिला अचानक गिर गई। हादसा बस से उतरने के दौरान हुआ। सिर में चोट लगने के कारण महिला बेहोश हो गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार देर रात की है। एक प्राइवेट बस लखनऊ से सवारियां लेकर दिल्ली की ओर आ रही थी। इस बस में दिल्ली के हर्ष विहार निवासी पुष्पा शर्मा अपने बेटे के साथ सफर कर रही थीं। रात लगभग 2:30 बजे जैसे ही बस जेवर टोल के पास पहुंची तो 39.5 माइल स्टोन, शिवा ढ़ाबा के सामने बस अचानक खराब हो गई। ड्राइवर और कंडक्टर ने बस स्टार्ट करने की काफी कोशिश की, लेकिन बस स्टार्ट नहीं हुई। जिसके बाद बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने बस स्टार्ट करने के लिए सवारियों से ही काफी दूर तक धक्का लगवाया। इसके बाद भी जब स्टार्ट नहीं हुई तो ड्राइवर ने बस को किनारे खड़ा कर दिया और स्टार्ट करने की कोशिश करने लगा। बस को रुका हुआ देखकर उसमें सवार पुष्पा शर्मा नीचे उतरने लगी। तभी अचानक बस स्टार्ट होकर आगे बढ़ गई और वह झटके से सिर के बल नीचे गिरी, जिसके कारण उनके गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल नजदीक के अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**एक्सप्रेसवे के टोल फ्री नंबर पर कर सकते कॉल:** ड्राइवर और कंडक्टर ने बस खराब होने पर यात्रियों से धक्का लगवाया। जबकि उन्हें यमुना एक्सप्रेसवे के टोल फ्री नंबर पर मदद के लिए कॉल करनी चाहिए थी। एक्सप्रेसवे अथॉरिटी की ओर से आमजनों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं।

**बिना हैंडब्रेक लगाए गाड़ी स्टार्ट कर रहा था ड्राइवर:** पुलिस की प्रारंभिक जांच में ड्राइवर और कंडक्टर की लापरवाही सामने आई है। ड्राइवर-कंडक्टर ने पहले सवारियों को बस से नीचे उतारकर उनसे धक्का लगवाया। इसके बाद वह बिना हैंडब्रेक लगाए गाड़ी स्टार्ट कर रहा था। अचानक जब बस स्टार्ट हुई तो गेयर में होने के कारण वह आगे बढ़ गई और बस में जोरदार झटका लगा।

# नोएडा वर्ल्ड स्कूल में एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देशों के क्रम में आज ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल के सेमिनार हॉल, एचएस-28, ब्लॉक-I, सिग्मा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आपदा प्रबंधन में सहभागिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जनपद स्तरीय अधिकारी, अध्यापक, आपदा मित्र, सिविल डिफेन्स के सदस्य एवं विद्यार्थीगण शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश तथा ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू कौल रायना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन, गाजियाबाद के प्रशिक्षक राजू यादव द्वारा प्रतिभागियों को सीएपी प्रशिक्षण के अंतर्गत एनडीआरएफ का परिचय, उसकी संरचना, उद्देश्य एवं भूमिका के साथ-साथ विभिन्न आपदाओं में त्वरित, विशेषज्ञ एवं पेशेवर बचाव कार्यों के समन्वय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, चक्रवात, आग, भू-स्खलन तथा रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को सीपीआर, एफबीएओ तथा बीएलएस जैसी जीवनरक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिसमें कार्डियक अरेस्ट, गला घुटने की स्थिति तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी गई। रक्तस्राव रोकने की तकनीकें जैसे प्रत्यक्ष दबाव, टूरनीकेट तथा वाउंड पैकिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उपलब्ध संसाधनों से इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर तथा फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने की विधियां भी प्रदर्शित की गईं। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, अलार्म बजने पर निर्धारित मार्ग से बाहर निकलना, असेंबली प्वाइंट पर अनुशासन बनाए रखना तथा टीम लीडर के निर्देशों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण व्यवहारिक पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ टीकम कुमार द्वारा कार्यशाला में प्राथमिक उपचार, भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट) तथा ट्रायज प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। जिला रिसोर्स पर्सन ममता भारद्वाज तथा मास्टर ट्रेनर/प्रशिक्षण समन्वयक श्रीयांश चतुर्वेदी द्वारा 'आपदा सखी' मॉडल पर आधारित प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बताया गया कि ग्रामीण महिलाएं आपदा के समय केवल पीड़ित नहीं बल्कि रक्षक की भूमिका भी निभा सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, खोज एवं बचाव तकनीकें, फायरमैन लिफ्ट, सुरक्षित निकासी के तरीके, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए बांस एवं साड़ियों से स्ट्रेचर तैयार करना, जोखिम मानचित्रण तथा गांव के सुरक्षित एवं जोखिम वाले मार्गों की पहचान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आपदा की पूर्व सूचना, राहत कार्यों तथा जागरूकता में स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस पहल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन को ग्राम पंचायत विकास योजना से जोड़कर गांवों को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाना है।

# प्राधिकरण के स्थापना दिवस पर कई परियोजनाओं का लोकार्पण संभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इस 17 अप्रैल नोएडा को बसे हुए 50 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर सेक्टर-96 में बन रहे प्राधिकरण के नए दफ्तर समेत कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कराने की तैयारी है। स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री के आने की संभावना है।प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि अभी सेक्टर-6 में मुख्य प्रशासनिक कार्यालय चल रहा है। इसके अलावा सेक्टर-5, 19, 20, 39, 94 आदि जगह भी प्राधिकरण के दफ्तर हैं। अब सेक्टर-96 में प्राधिकरण का नया दफ्तर बन रहा है। यहां पर सभी दफ्तर एक साथ होंगे। इसका काम अंतिम चरण में है। इस साल 17 अप्रैल को नोएडा को बसे हुए 50 साल पूरे हो जाएंगे।

इसको यादगार बनाने के लिए प्राधिकरण के नए दफ्तर के अलावा कुछ अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कराने की तैयारी है। प्राधिकरण के नए दफ्तर के अलावा सेक्टर-62 मॉडल गोलचक्कर पर बन रहा स्काईवॉक, जीआईपी मॉल के सामने बने घंटाघर, भंगेल एलिवेटेड रोड के लिए बनने वाले लूप समेत अन्य परियोजाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कराया जाएगा। औपचारिकता के तौर पर भंगेल एलिवेटेड रोड का भी शुभारंभ कराया जाएगा। परियोजनाओं की सूची तैयार की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री प्राधिकरण के नए दफ्तर में पहुंचकर लोकार्पण करेंगे। ऐसे में यहां जुड़ने वाली सभी सड़क, फुटपाथ आदि को बेहतर करने का काम शुरू कर दिया गया है।

# दो और स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के रामपुर और मेहंदीपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। बेहतर चिकित्सकीय सेवाओं के साथ कई अन्य मानकों पर खरा उतरने पर यह प्रमाणपत्र केंद्र सरकार की ओर से दिया जाता है। जिले के दो स्वास्थ्य केंद्रों से पहले जिला अस्पताल, कनारसी, तिलपता और रामपुर को यह प्रमाणपत्र दिया जा चुका है। यह प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले सरकारी चिकित्सकीय संस्थाओं की संख्या बढ़कर छह हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि दो आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस का गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। भविष्य में इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। आठ और केंद्रों का निरीक्षण करेगी टीमजिले के आठ और स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के बाद प्रदेश सरकार की टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बताया है। इन केंद्रों से जुड़ी सभी जानकारी राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रबंधन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जल्द ही केंद्र सरकार की टीम आकर इन केंद्रों का निरीक्षण कर सकती है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधाएं सही मिलने पर इन स्वास्थ्य केंद्रों को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा।

# यूपी पीसीएस-2024 में नोएडा की करिश्मा चौहान का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। नोएडा से टॉप 20 में 17 वीं रैंक हासिल कर करिश्मा चौहान ने शहर का नाम रोशन किया है। करिश्मा चौहान ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में टाप 20 में जगह बनाई है। करिश्मा के पिता वीरेंद्र चौ और माता सीमा चौहान ने बताया कि बेटी सफलता से बहुत खुशी हुई है। उसकी मेहनत रंग लाई। इस वर्ष 947 पदों के लिए 2719 अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल हुए थे। बता दें कि इस बार 10 में 6 लड़कियां शामिल हैं। पहले, दूसरे, तीसरे, पांचवे, छठवें और सातवें स्थान पर लड़कियों ने बाजी मारी है। यह परिणाम प्रारंभिक परीक्षा के एक साल तीन महीने सात दिन बाद घोषित किया है।



**ओपन जिम लगाने का काम अप्रैल में शुरू होगा:** नोएडा। ग्रेटर नोएडा के कासना, सिरसा, डाढ़ा और गिरधरपुर समेत 18 गांवों में ओपन जिम लगाने का काम अप्रैल में शुरू होगा। प्राधिकरण ने कंपनी का चयन कर कार्य आदेश जारी कर दिया है।

इसके लिए प्राथमिक विद्यालय के परिसर और खेल मैदान में जगह चिन्हित कर ली गई है। प्रत्येक जिम में छह प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे।लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण ने सेक्टरों और अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में ओपन जिम स्थापित करने की योजना बनाई है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है।

आवासीय सेक्टर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम लगाने के बाद अब क्षेत्र के गांवों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि योजना के तहत प्रथम चरण में 18 गांवों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। इन गांवों के प्राथमिक विद्यालय और खेल मैदान में जगह चिन्हित की गई है। इस पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 17 अन्य गांवों में भी ओपन जिम की तैयारी चल रही है। इसकी भी निविदा जारी की जा चुकी है। अधिकारी के मुताबिक ओपन जिम लगाने वाली कंपनी तीन साल तक रखरखाव भी करेगी। गांवों के लोग फ्री में इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

> चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।
>
> **- एके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना, ग्रेटर नोएडा**

**इन गांवों में स्थान चिह्नित:** प्राधिकरण के वर्क सर्किल-8 के अंतर्गत आने वाले कासना, बिरौंडा, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, लड़पुरा, घंघौला, चीरसी, अस्तौली, गिरधरपुर, अमीनाबाद उर्फ नियाना, रामपुर माजरा, आजमपुर गढ़ी, दलेलगढ़, बागपुर, बिसायच, दादूपुर और नवादा में ओपन जिम लगाने का कार्य किया जाएगा।

**यह उपकरण लगाए जाएंगे:** गांवों में लगाई जाने वाली ओपन जिम में पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सिट- अप स्टेशन, शरीर को घुमाने और मरोड़ने के लिए उपयोग में आने वाला ट्विस्टर, एयर वॉकर, वन सीटेड चेस्ट प्रेस, खींचने वाली कुर्सी, पैर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए लेग प्रेस, मोटे रबर के फर्श की टाइल्स आदि उपकरण लगाए जाएंगे।

**ग्रेनो वेस्ट में भी तैयारी:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टरों में स्थित पार्कों में भी ओपन जिम, गार्डन बेंच और झूले लगाने की तैयारी चल रही है। ओपन जिम के साथ गार्डन बेंच और झूले लगाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2, 3, 16, 10,12, इकोटेक-12, टेक्जोन-4 व नॉलेज पार्क-5 आदि सेक्टरों में 70 से अधिक पार्क हैं।सेक्टरों की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों में भी ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 18 गांवों में ओपन जिम लगाने के लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है, जल्द काम शुरू करा दिया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# धोबी तालाब की जमीन पर कब्जे की कोशिश नाकाम

**■ जांच में खुलासा-डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी क्षेत्र स्थित धोबी तालाब की भूमि पर कथित रूप से गलत तरीके से बैनामा कर कब्जे की शिकायत के मामले में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। जांच में स्पष्ट हुआ है कि तालाब की जमीन पर किसी भी सहखातेदार का कब्जा नहीं है और भूमि वर्तमान में जलमग्न अवस्था में है, जबकि कुछ लोग सड़क किनारे हिस्से पर अवैध कब्जे की कोशिश कर रहे हैं।

मामला 20 सितंबर 2025 को तहसील दिवस में उठाया गया था, जहां नगर पालिका परिषद बहेड़ी के कुछ सभासदों ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि भू-माफियाओं द्वारा तालाब के आगे के हिस्से पर गलत तरीके से बैनामा कर कब्जा किया जा रहा है। शिकायत में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए थे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप जिलाधिकारी आंवला और तहस. ीलदार सदर की त्रिसदस्यीय जांच समिति गठित कर स्थलीय व अभिलेखीय जांच के निर्देश दिए थे।

समिति की जांच में पाया गया कि राजस्व ग्राम शेखूपुर, परगना चौमहला, तहसील बहेड़ी स्थित गाटा संख्या 234 (रकबा 0.986 हे.) राजस्व अभिलेखों में श्रेणी-6-1 के अंतर्गत तालाब के रूप में दर्ज है। इसी गाटा के कुछ हिस्सों में विभिन्न व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, लेकिन मौके पर इनका कोई वास्तविक कब्जा नहीं पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार, तालाब के पूर्व दिशा में नारायण नगला रोड स्थित है, जो मौके पर चालू है और उसके दोनों ओर आबादी बसी हुई है। तालाब और सड़क के बीच स्थित त्रिभुजाकार भूमि (गाटा संख्या 462, क्षेत्रफल 3 बिस्वा) राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इसी हिस्से पर अन्य गाटा संख्या 355 व 356 के बैनामेदारों द्वारा अनधिकृत कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैध है।

जिलाधिकारी ने जांच आख्या के आधार पर उप जिलाधिकारी बहेड़ी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए हैं कि मामले में नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखा जा सके। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश गया है और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की मंशा भी स्पष्ट हुई है।

# नगर में निकला आरएसएस का पथ संचलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हिंदु नव वर्ष के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन रामलीला ग्राउंड से शुरू हुआ, जो कस्बे के मुख्य मार्ग, बिजौरिया मार्ग, खारिजा मार्ग, बाईपास मार्ग, कचहरी मार्गों से होते हुए वापस रामलीला ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक निर्धारित वेशभूषा में अनुशासित पंक्तियों में चलते नजर आए। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पथ संचलन का फूल की वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। पथ संचलन में विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, चोखेलाल गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंग. वार, सभासद रामप्रकाश गंगवार, भानु गंगवार, सर्वेश गंगवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष केशव गुप्ता, युवा नेता सचिन रस्तोगी, देवेश देवल, हरस्वरूप गंगवार, अरविन्द शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## एक नजर

# चूल्हे पर खाना बनाते समय युवक की जलकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के लभेड़ा दुर्गाप्रसाद गांव में रविवार की सुबह चूल्हे पर खाना बनाते समय एक युवक की जलकर मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय हरपाल पुत्र ओमपाल निवासी लभेड़ा दुर्गाप्रसाद अविवाहित थे। उनकी दो बहनों की शादी हो चुकी है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी बहन दिल्ली से तथा दूसरी बहन भी मीरगंज के पास किसी गांव से पहुंच गईं।ग्रामीणों के मुताबिक, रविवार को हरपाल अपने घर में चूल्हे पर खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक क्या हुआ, इसका किसी को स्पष्ट पता नहीं चल सका। कुछ समय बाद घर से धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो हरपाल गंभीर रूप से झुलसे पड़े थे और उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम के समय बहनों ने नम आंखों से अंतिम संस्कार कराया, जबकि मृतक के चाचा सोमपाल ने चिता को मुखाग्नि दी। बताया जा रहा है कि इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस या प्रशासन को नहीं दी गई और न ही शव का पंचायतनामा या पोस्टमार्टम कराया गया।

# एनएसएस शिविर में स्वच्छता अभियान व पौधारोपण छात्रों ने लिया समाजसेवा का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. एस.के. सिंह के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में छात्र-छात्राओं ने



कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी.के. प्रधान ने छात्रों को श्रमदान के महत्व के बारे में बताया और समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर के अंत में छात्रों ने पूरे वर्ष समाजसेवा के कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय खिरका में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरका में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से 'छोटी सी आशा' एवं 'बाल विवाह रोकथाम' विषय पर आधारित प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान श्री जितेन्द्र गंग. वार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष श्री धर्मपाल जी मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरीश बाबू के नेतृत्व में सीमा अग्रवाल, प्रीती चौधरी, सीमा रस्तोगी, संजीत प्रकाश सक्सेना, ओंकार शरण, मुक्ता अग्रवाल, समर पाल गंगवार, ज्ञान प्रकाश, कुसुमलता एवं रामभरोसे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका निभाई।समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अंत में ग्राम प्रधान ने नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की।

# ब्राह्मण महासभा द्वारा जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के एक बैंकट हॉल में ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा द्वारा होली मिलन समारोह एवं जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा के स्वागत समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज की एकता, उत्थान और संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए आपसी सहयोग और जागरूकता बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का माला व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही तथा अपनी नई टीम का गठन भी किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला महामंत्री अंकित शुक्ला,जिला मंत्री शिवम शर्मा,अरुण तिवारी, अनुज शर्मा, सुनील शर्मा, सुधीर शर्मा, विनीत शर्मा, अभिषेक शर्मा, हरीश शर्मा, शिव अवतार शर्मा, प्रवन पांडेय, विपिन मिश्रा, राजीव मिश्रा, गौरव मिश्रा, दीपक शंख्यधार, राघव शंख्यधार, विकास उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, अवधेश पाठक, सर्वेश पाठक, नंदकिशोर मिश्रा सहित सैकड़ों ब्राह्मण मौजूद रहे।

# शिक्षा चौपाल में समग्र विकास पर जोर, मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** न्याय पंचायत नरखेड़ा के मंडवा स्थित संविलियत विद्यालय में सोमवार को शिक्षा चौपाल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मीरगंज कृष्ण गोपाल गंगवार एवं खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नवाचारों को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास करना रहा। अपने संबोधन में विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आधुनिक व नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कृष्ण गोपाल गंगवार ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में स्मार्ट शिक्षण विधियों का उपयोग बेहद जरूरी हो गया है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। अकादमिक संदर्भ दाताओं ने विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, नवाचारों एवं योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए शिक्षकों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में सचिन मुरारी शर्मा, पूनम देवी, अरविंद कुमार, राजेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल संकुल शिक्षक आकाश सक्सेना, करन सिंह, ज्योति, आराधना, हरिकृष्ण, लीलाधर, सोनू, धर्मेंद्र वर्मा, रामाशंकर, ऋचा अग्रवाल, महेंद्रपाल आदि का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन अमित कुमार एवं सत्यवीर द्वारा किया गया।

# छात्रों को डिजिटल ज्ञान से किया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री कॉलेज में को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत अंतिम "चतुर्थ शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं महिलाओं को आधुनिक तकनीक और "गूगल जैमिनी" के उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी तारा चंद के निर्देशन में किया गया। छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की।डॉ. शोभा सक्सेना ने छात्रों को "गूगल जैमिनी" के विभिन्न उपयोगों और इसके जरिए शिक्षा में होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस तकनीक के माध्यम से पढ़ाई को अधिक आसान और प्रभावी बनाया जा सकता है।

# आवारा सांडों के कारण हुआ हादसा, ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब चालक ने अचानक सामने आए आवारा सांड को बचाने की कोशिश की।जानकारी के अनुसार सीबीगंज क्षेत्र के गांव बल्लाकोठा निवासी तेजपाल अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर से मीरगंज आए थे। वे तहसील के पास स्थित एक दुकान से रोटावेटर लेकर वापस अपने गांव जा रहे थे। सिंधौली चौराहे के आगे अचानक एक सांड सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ट्रैक्टर से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क किनारे स्थित एक बारात घर की दीवार से जा टकराया।हादसे में बारात घर की दीवार का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं पास खड़ी एक कार भी ट्रैक्टर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार सवार लोग बाल-बाल बच गए।

घटना में धर्मदास, तेजपाल, लालता प्रसाद और सूरजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे



ट्रैफिक प्रभारी श्रीपाल यादव ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बरेली भेजा।

बरेली के अस्पताल में इलाज के दौरान सूरजपाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सूरजपाल निवासी लालपुर थाना शाही के रहने वाले थे और बल्लाकोठा में उनकी रिश्तेदारी है। वह दामाद के साथ रोटावेटर लेने मीरगंज आए थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद हाईवे पर दर्जनों की संख्या में आवारा सांड घूम रहे थे। पुलिस मौके पर मौजूद होकर सांडों को हटाया है।

# झूठ बोलकर शादी तय करने का आरोप चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र में झूठ बोलकर बेटे की शादी तय करने पर चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा। बिचौलिया और लड़का पक्ष ने शादी तय करते समय लड़की बालों से झूठ बोलकर शादी तय कर ली।

लड़की पक्ष को जब पता लगा की लड़का बेरोजगार है तो उन्होंने शादी करने मना कर दिया। रुपया और सामान वापस न करने पर खरगसेन, करन, खरगसेन की मां निवासी दौली की गौंटिया व बिचौलिया योगेश निवासी आनंदपुर के खिलाफ श्यामलाल निवासी आनंदपुर की तहरीर पर धोखा धडी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।चार जनवरी को श्यामा लाल ने दौली जबाहरलाल की गौटिया निवासी खरगसेन के पुत्र करन के साथ अपनी पुत्री की शादी तय की थी। शादी तय करते समय लड़की बालों ने एक बाइक और 51 हजार रुपया नकद दिया था। शादी तय करते समय बिचौलिया योगेश और करन व करन के परिजनों ने बताया कि करन इंटर पास है और नौकरी करता है। नौ बीघा जमीन है। शादी तय होने के बाद लड़की पक्ष के लोगों को पता चला कि लड़का बीना पड़ा लिखा बेरोजगार है और उसके पास जमीन भी जो बताई गई उतनी नहीं है। लड़का बेरोजगार होने का पता चलने पर लड़की पक्ष ने शादी तय करते समय दिए गए सामान को वापस माँगा तो लड़का पक्ष ने देने से मना कर दिया। लड़की के पिता ने कई बार पंचायत कराई किन्तु सामान वापस में देने पर रविवार को लड़का पक्ष के चारो आरोपियों पर धोखा धड़ी का मुक. दमा दर्ज किया।

# दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दिव्यांग जनों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील परिसर में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दिव्यांग उत्थान समिति के हृदय नारायण के नेतृत्व में दिव्यांगजन तहसील पहुंचे।

दिव्यांगों ने मांग रखी कि सरक. ारी नौकरी में 4 प्रतिशत का आरक्षण हो। व्यापार करने के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जाए।आरपी डब्लू डी एक्ट का सभी नियम व शर्तों के अनुसार पालन हो। बच्चों को सरक. ारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दिलाई दिया है। इसके अलावा अन्य मांगे भी ज्ञापन में शामिल करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम इशिता किशोर को दिया गया।

# आंगनबाड़ी व्यवस्था को मिला डिजिटल बूस्ट

**■ 207 कार्यकत्रियों को स्मार्टपफोन, 63 नए केंद्र भवनों का लोकार्पण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** महिला एवं बाल विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था को डिजिटल सशक्तिकरण की नई सौगात दी। लखनऊ स्थित लोक भवन से आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस और नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, वहीं प्रदेश भर में नए केंद्र भवनों और परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया गया।



बरेली में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में देखा गया। इस मौके पर जिले की 207 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, 780 ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए गए, जबकि 08 नवचयनित कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

इसके साथ ही जिले में 3.48 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 06 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास तथा 7. 56 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 63 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण किया गया। इन नए भवनों के बनने से बच्चों को बेहतर वातावरण, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की सुविधाएं मिलेंगी।

कार्यक्रम में विधायक कैंट संजीव अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका बेहद अहम है। अब स्मार्टफोन और आधुनिक उपकरण मिलने से उनका काम और तेज, पारदर्शी व प्रभावी होगा, जिसका सीधा लाभ बच्चों और माताओं को मिलेगा।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि जिले में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शत-प्रतिशत स्मार्टफोन और डिवाइस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला हैं, जहां से उनके सर्वांगीण विकास की नींव पड़ती है। कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह/बरोहन लाल मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी सहित बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# पुलिस ने शिवा के तीन हत्यारे दोस्तों को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाली देने पर हुआ था विवाद, इसलिए कर दी हत्या**

**बरेली।** इंटर के छात्र शिवा की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि शिवा ने गाली देते हुए सिर में कड़ा मारकर घायल कर दिया था। इससे नाराज गौरव ने साथियों की मदद से शिवा की हत्या करने की योजना बनाई और घर से बुलाकर ले जाकर चाकू से गोद दिया। पुलिस ने चाकू बरामद कर लिया।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अशोक बिहार कॉलोनी निवासी इंटर के छात्र शिवा पटेल को शुक्रवार की शाम को उसके दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे। उसके बाद चाकू से कई वार कर फरार हो गए थे। घायल शिवा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई थी। शिवा के पिता केहरी सिंह की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने पांच नामजद समेत तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की।

रविवार को पुलिस ने विलय धाम पुल के पास से गौरव, पारस, और रचित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर इज्जतनगर बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि छात्र की हत्या के मामले में चोरों आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू भी बरामद किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

मुख्य आरोपी गौरव ने बताया कि 27 मार्च को शिवा पटेल ने घर आते समय रास्ते में उसे गाली दी थी। इसके बाद उसने अपने साथी पारस, रचित और कृष्णा को फोन कर बुलाया। मानव को शिवा के घर भेजकर उसे बुलाया और चार खंभा रोड पर ले गए। पूछा कि उसने गाली क्यों दी, जिस पर शिवा ने सिर पर कड़ा मार दिया था जिससे वह लहूलुहान हो गया था। उसके बाद मानव, पारस, रचित और कृष्णा ने उसे पकड़ लिया। गौरव ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

# नाथ नगरी में खेलों का महाकुंभ: 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नाथ नगरी बरेली एक बार फिर राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर दमदार तरीके से उभरी है। फ्यूचर विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें देशभर से आई महिला खिलाड़ियों के जोश, जुनून और जज्बे ने माहौल को पूरी तरह खेलमय बना दिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी अविनाश सिंह और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने हैंडबॉल को गोलपोस्ट में डालकर किया। इस प्रतीकात्मक शुरुआत के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह और



तालियों की गूंज सुनाई दी। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विभिन्न राज्यों से आई टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "खेल केवल शरीर को मजबूत नहीं बनाते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे जीवन मूल्यों को भी विकसित करते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच देती हैं। वहीं विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि बरेली में इस स्तर के आयोजन होना शहर के लिए गौरव की बात है और इससे स्थानीय खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिलती है। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता ने बताया कि बरेली में राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का यह तीसरा सफल आयोजन है। इससे पहले वर्ष 2021 में सीनियर और 2023 में जूनियर चौंपियनशिप का सफल आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार के आयोजन के साथ बरेली ने राष्ट्रीय खेल आयोजनों की "हैट्रिक" पूरी कर ली है। कोषाध्यक्ष डॉ. स्वतंत्र कुमार ने कहा कि "नाथ नगरी की धरती पर देशभर से आई नारी शक्ति अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देगा। 30 मार्च से 3 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की लगभग 27 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी शामिल हैं, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक और उच्च स्तर के होने की उम्मीद है। खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा और परिवहन की उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वहीं दर्शकों के लिए भी बेहतरीन इंतजाम किए गए है।

# निरीक्षण में सीडीओ को नहीं मिली कमी

## नूरपुर ब्लॉक के अभिलेख देखे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सीडीओ रणविजय सिंह को ब्लॉक कार्यालय के निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिली। उन्होंने अभिलेखों का रख-रखाव सही पाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सीडीओ रणविजय सिंह के द्वारा विकास खण्ड कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेश पाल शर्मा ने उनका स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यालय में सभी अभिलेख दुरूस्त पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा विकास खण्ड कार्यालय की प्रशंसा की गई।

इस मौके पर आरबी यादव उपायुक्त मनरेगा, गिरीश चन्द लेखाकार, इस्लाम बाबू, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सलीम अहमद एडीओ ग्राम विकास, योगेश कुमार सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सतीश कुमार सीडीपीओ, अनीस कुमार, डोली चौहान आदि उपस्थित रहीं। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया गया। विकास खण्ड में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली तथा अस्थाई गौ आश्रय स्थल फीना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें गौ आश्रय स्थल में गौवंशों की संख्या को देखते हुए उपलब्ध हरे चारे व भूसा, पशु आहार व स्वच्छ पानी की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दोनों गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा इत्यादि मौके पर उपलब्ध पाया गया। गौशाला निरीक्षण के समय अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली के संचालन को देख रहे सचिव नीरज कुमार, ग्राम प्रधान पुत्र शाने आलम, पंकज कुमार रोजगार सेवक, सलाउद्दीन, सायरा, इसरार गौशाला केयरटेकर तथा अस्थाई गौ आश्रय स्थल फीना का संचालन को देख रहे सचिव दीपक कुमार एवं रजनी गौहर प्रबन्धक गौ आश्रय स्थल फीना आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शादीपुर कला में वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रधानाध्यापिका कौशल की अध्यक्षता में किया गया। वार्षिक उत्सव का आरंभ सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मनमो. हक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी सभी अतिथियों ने सराहना की। वार्षिकोत्सव में कक्षा पांच के उत्तीर्ण विद्यार्थी एवं प्रत्येक कक्षा के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह तथा पुरस्कार प्रदान कर भव्य विदाई दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान कविता देवी, एसएमसी अध्यक्ष बलजीत सिंह, विरेश कुमार, सहायक अध्यापिका रुचि काकरान, प्रांशी रानी एवं संजीव कुमार तथा सम्मानित अभिभावक गण मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव को भव्य बनाने में समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# चांदपुर में नहीं हो पा रही सिलेंडर की होम डिलीवरी



### ईकेवाईसी के नाम पर परेशान करने का आरोप

नगर में यह भी चर्चा है कि एजेंसी स्वामी अथवा संचालक गैस उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी के नाम पर भी परेशान कर रहे है। बिना केवाईसी के सिलेंडर डिलीवरी नहीं हो पा रही है। नगर की बड़ी दो गैस एजेंसी इंडियन गैस सर्विस कुरैशी गैस सर्विस उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने में लगी हुई है वहीं नगर के गोकुल नगर स्थित अमन गैस एजेंसी पर एक बार पुण: उपभोक्ताओं को परेशान करने की चर्चा है। जिसकी डीएम से शिकायत करने की बात कही जा रही है। हालांकि हम किसी आरोप की पुष्टि नहीं कर रहे हैं, जांच का विषय है जांचोपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** घरेलू कुकिंग गैस को लेकर जहां हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, एचपी गैस (कुरैशी गैस सर्विस) एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की (इंडेन गैस एजेंसी) उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस आपूर्ति कर रही है। वहीं नगर की एक अन्य गैस एजेंसी एक बार फिर से चर्चा में है कि इस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं के साथ अनावश्यक रूप से खिलवाड़ किया जा रहा है। चर्चा के अनुसार सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं पहुंच पा रही।

गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं में एक बार फिर रोष पनप रहा है। एक उपभोक्ता ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रिकॉर्ड में गैस सिलेंडर की डिलीवरी दर्ज कर दी गई। जबकि वास्तविक रूप से सिलेंडर उसके घर तक नहीं पहुंचा। जिसको लेकर उपभोक्ता पशोपेश में है। उपभोक्ता ने जब अपने रिकॉर्ड की जांच की, तो उसमें सिलेंडर डिलीवरी दर्शाई गई थी, लेकिन उसे सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ। मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है और जांच की मांग की जा रही है, ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

उधर गैस एजेंसी के संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं से अपील करते कहा गया है कि वे अपनी गैस सिस्टम के अनुसार बुक करें और विलंब होने पर तुरंत एजेंसी को सूचित करें, ताकि समय से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। यदि उनके साथ भी इस प्रकार की कोई घटना हुई है, तो वे तुरंत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दें। जिससे समय रहते समस्या का समाधान कराते हुए उपभोक्ता को गैस उपलब्ध कराई जा सके।

कुरैशी गैस सर्विस के प्रबंधक/ निदेशक हाजी अफजल कुरैशी और इंडियन गैस एजेंसी संचालक सर्वेश कुमार अग्रवाल का कहना है कि चांदपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में गैस की कोई किल्लत नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस आ रही है और वितरित की जा रही है।

# केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में पुरस्कार वितरण एवं भव्य दीक्षांत समारोह

## नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं यूकेजी कक्षा का दीक्षांत समारोह अत्यंत भव्यता, गरिमा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन कर किया गया, जो ज्ञान, उज्ज्वल भविष्य एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिकता एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत कर दिया। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, परिश्रम एवं लगन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण यूकेजी कक्षा का दीक्षांत समारोह रहा, जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन के प्रथम चरण की सफल पूर्णता पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह सम्मान विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान किया गया। जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं गर्व का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। वहीं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समुचित व्यवस्थाएं एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल एवं मीनाक्षी शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उनके समर्पण एवं प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं यादगार बन सका।

समारोह के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आदर्श नगर चौकी से बिजली घर तक सड़क बनी

## विनियमित क्षेत्र में अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी, कनेक्टिविटी सुधरेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर चौकी से बिजली घर तक मुख्य संपर्क मार्ग का निर्माण पूरा हो गया है। स्थानीय विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत यह सड़क भारतीय जनता पार्टी के नेता चौधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, अरविंद विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान धूम सिंह, पत्रकार अवधेश शर्मा, राजपाल सिंह और क्षेत्रवासियों के प्रयासों से बनी है।

चौधरी ईशम सिंह ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके साथ ही, स्थानीय निवासियों को लंबे समय से जलभराव और जर्जर रास्तों के कारण हो रही समस्याओं से भी निजात मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, विनियमित क्षेत्र के भीतर आने वाली अन्य आंतरिक सड़कों का भी सर्वे किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता अनियोजित विकास को रोककर व्यवस्थित बुनियादी ढांचा तैयार करना है, ताकि शहर का भविष्य में सही दिशा में विस्तार हो सके।

इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क पर किसी भी व्यक्ति को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा हुआ, तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखना सभी की जिम्मेदारी है। सभी ने उप जिलाधिकारी सहित समस्त जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत-2047 विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 'विकसित भारत 2047 आयाम, अवसर, चुनौतियां, भावी नीति- निर्णय' विषय पर कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी के वाणिज्य विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का समापन दूसरे दिन टैक्नीकल सैषन द्वारा किया गया। इसमे विभिन्न प्राध्यापकों, शोधाकर्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। जिसमें वर्धमान कॉलेज के वाणिज्य विभाग के डा. राजीव अग्रवाल व हिंदी विभाग की डा. अंजु बसल मुख्य वक्ता रहे।

डा. राजीव अग्रवाल ने विकसित भारत का निर्माण करने के लिए पांच मुख्य विचारों स्वास्थय, कृषि, विज्ञान प्रशासन एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर बल दिया। डा. अजु बंसल ने विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए युवा छात्रशक्ति का आह्वान किया। उन्होने सेमिनार मे मौजूद छात्रों को विकसित भारत बनाने का उत्तरदायित्व सौंपा।

कार्यकम का संचालन डा. दीपशिखा अग्रवाल व प्रियंका राजन अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम के अंत में सेमिनार संयोजक वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष सूरज शर्मा ने सभी वक्ताओं को आभार व्यक्त करते हुए सेमिनार की सफलता के लिए सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। दो दिवसीय सेमिनार के सफल आयोजन में सूरज शर्मा, मंदीप चिकारा, मेहरचंद, नीरज अपरवाल, नूतन मलिक, रोहित राजपूत, सौरभ चौधारी, कांता मलिक, दिशांत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुकता रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो का एक दिवसीय शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा पीयूष वर्मा के नेतृत्व में लगाया गया।

स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम के संयोजक विवेक कुमार तथा डा. शिवाली राजपूत के नेतृत्व में साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुकता रैली निकाली। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करें। अपना बैंकिंग पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखें तथा समय-समय पर पासवर्ड परिवर्तन करें। जागरूकता पूर्वक खाता संच. ालन करने से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। उनका कहना था कि खाता संचालन में त्रुटि होने पर तुरंत बैंक से संपर्क करें। शिविर का शुभारंभ उठें समाज के लिए उठें उठें लक्ष्य गीत के साथ किया गया। कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवियों से सामाजिक कार्यों में रुचि लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व विकास के लिए समाजस. ेवा करें। कॉलेज प्राचार्य डा.अशोक कुमार ने भी विद्यार्थियों को रासेयो के इतिहास से परिचित कराया। शिविर का समापन 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत के साथ किया गया।

### किसी भी अंजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर न करें

इस मौके पर कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डा.आरपी सिंह, राकेश कुमार, डा. वरुण कुमार, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, नीशु देवल, शनि चौहान, ललित शर्मा, सोनू कुमार, डा. ओमपाल त्यागी, प्रशांत चौधरी, गौरव कुमार, प्रदीप राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# चांगीपुर शुगर मिल तीन अप्रैल के बाद नहीं लेगी गन्ना: इंद्रवीर सिंह

**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर ने क्षेत्र के समस्त गन्ना कृषकों को अवगत कराते हुए कहा है कि जिन किसान भाईयों के पास शुगर मिल आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है, वह किसान भाई तीन अप्रैल 2026 तक मिल लेकर पहुंचे, इसके बाद मिल जिम्मेदार नहीं होगी और मिल का पेराई सत्र 2025/26 भी पूर्णत: समाप्त कर मिल बंद कर दी जाएगी। यह जानकारी बिंदल पेपर्स मिल लिमिटेड, यूनिट-शुगर एंड डिस्टलरी चांगीपुर नूरपुर से मिल अधिकृत इंद्रवीर सिंह (गन्ना विभाग अधिकारी) द्वारा दी गई है।

# खराब जेसीबी पर किसानों का धरना

## चौथे दिन भी रहा प्रदर्शन जारी, नई मशीन बदलने की मांग पर अड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** एक नई जेसीबी मशीन में खराबी को लेकर किसानों का गुस्सा भड़क गया है। मशीन बदलने की मांग पर किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी है। यह मामला एस.एन. टिम्बर के प्रोपराइटर शेषपाल द्वारा खरीदी गई जेसीबी से जुड़ा है, जिसमें खरीद के तुरंत बाद ही तकनीकी खामी सामने आ गई थी।

जानकारी के अनुसार शेषपाल ने 24 मार्च को इनवॉइस संख्या बीएचडीजे-2025-01254 के तहत नजीबाबाद की एक दुकान से यह जेसीबी मशीन खरीदी थी। कार्यस्थल पर भेजने से पहले ही मशीन में गंभीर ऑयल लीकेज की समस्या सामने आ गई। शिकायत के बाद कंपनी ने तकनीशियन भेजा, जिसने मशीन को ठीक करने का प्रयास किया। हालांकि, कुछ ही समय बाद वही खराबी फिर से आ गई। इससे यह मामला सामान्य तकनीकी समस्या के बजाय सीधे तौर पर विनिर्माण दोष का प्रतीत हो रहा है, जिससे खरीदार को आर्थिक नुकसान और काम में बाधा आ रही है।

धरना स्थल पर मौजूद यूनियन पदाधिकारियों ने इसे केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि किसान, मजदूर और छोटे कारोबारियों के साथ हो रहे अन्याय का प्रतीक बताया। बिजनौर के जिला अध्यक्ष विपिन तोमर ने कहा, कंपनियां बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन नई मशीन में ही दोष निकलना उनकी गुणवत्ता पर बड़ा सवाल है। जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

यूनियन ने कंपनी और सब-डीलर को अंतिम चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही दोषपूर्ण मशीन को बदलकर नई और दोषमुक्त जेसीबी उपलब्ध नहीं कराई गई, तो आंदोलन को जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक बढ़ाया जाएगा। अनिश्चितकालीन धरना और भी व्यापक रूप ले सकता है।

धरना स्थल पर दिन-रात चल रहे इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और स्थानीय लोग शामिल हो रहे हैं, जिससे प्रशासन और कंपनी पर दबाव लगातार बढ़ रहा है।

संघर्ष मोर्चा का स्पष्ट संदेश है कि दोषपूर्ण मशीन स्वीकार नहीं की जाएगी और किसान व ग्राहक के अधिकारों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### मेधावी छात्राएं पुरस्कृत



**धामपुर।** कन्या इंटर विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 11 में दिव्या, इकरा, सुहानी, पारुल, शालू एवं शुमायला ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 9 में नेनसी, सोनिया, उन्नति, रंजना एवं कनक रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 8 में चांदनी, कक्षा 7 में रिदा प्रवीन, तथा कक्षा 6 में तुबा मेराज ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सराहना प्राप्त की। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्राओं को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा अध्यापिकाएँ नीरज, पुष्पा एवं रुचिका भी उपस्थित रहीं और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### आरबीएस का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज आज सत्र 2025-26 का गृह परीक्षा का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। बालिकाएं स्कूल में अव्वल रही। कक्षा छह में यशिता, नायला, शिदरा, कक्षा सात में मानवी, पूर्णिमा, मानवी कुमारी, कक्षा आठ में सृष्टि शर्मा, माही राजपूत, गीता, कक्षा नौ में माईरा, कहकशा, यथार्थ शुक्ला, कक्षा 11 कला वर्ग में अंशिका, दिव्या, अलफिशा, विज्ञान वर्ग में अरमान, वैभव राजपूत, शगुन व्यवसायिक वर्ग में सैंकी, मौहम्मद साहिल, राजवीर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौकेक पर परीक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश आर्य, संजय कुमार, अश्वनी कुमार, भीमसेन हल्दिया, तनु सैनी, शगुन शर्मा, अर्चना शर्मा, तनु, संजय गोयल, आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एलएचवी उमा देवी के सेवानिवृत्त होने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने बताया कि उमा देवी ने करीब 20 वर्ष से अधिक समय तक स्वास्थ्य विभाग में ईमानदारी कर्त्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रीय टीकाकरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई तथा अपने सरल एवं मिलनसार स्वभाव से सभी का स्नेह प्राप्त किया। बताया गया कि उन्होंने वर्ष 1999 में संविदा सेवा से कार्य प्रारंभ किया और वर्ष 2006 में स्थायी सेवा में आने के बाद बिशनपुरा उपकेंद्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दीं। हाल ही में पदोन्नति पाकर एलएचवी बनी थीं। इस अवसर पर डा. बीके स्नेही सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें शॉल, स्मृति चिन्ह व धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की कार्यक्रम में एएनएम संघ पदाधिकारी स्वास्थ्य सुपरवाइजर एआरओ बीपीएम एएनएम एवं सीएचसी स्टाफ उपस्थित रहा। विदाई कार्यक्रम के उपरांत उमा देवी द्वारा नूरपुर स्थित राधा-कृष्ण मंडप में सभी कर्मचारियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया



**बुढ़नपुर।** एनएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदाफल का चौथा वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। स्कूल के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, चेयरमैन पवन सिंह, मैनेजर निखिल कुमार व प्रिंसिपल रुचि सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने स्कूल की प्रिंसिपल रुचि सिंह को एक बेहतरीन प्रशासक बताया और गांव में सीबीएसई स्कूल स्थापित करने के लिए स्कूल संचालक की प्रशंसा की। पूर्व मंत्री अशोक कटारिया व स्कूल परिवार की ओर ने स्कूल के शीर्ष तीन टॉपर्स, प्रथम स्थान पर रहे शाश्वत कुमार (99.08 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर रहीं तहरीम (98.75 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान पर रहे अक्षत कुमार (98.5 प्रतिशत) को सम्मानित किया। उन्हें प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित नकद पुरस्कारों के साथ-साथ रिपोर्ट कार्ड, शील्ड और मेडल भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सहयोग रहा।

### चोरों ने मस्जिद का दान पात्र चुराया

**नांगल सोती।** क्षेत्र के गांव सुगंरपुर बेहड़ा में मस्जिद/ मदरसा संयुक्त रूप से बने है। मस्जिद के मौलवी फ्राहिम ने आज सुबह पुलिस को सूचना दी कि बीती रात्रि चोरों ने मस्जिद का दान पात्र चोरी कर लिया है, जिसमें अच्छी खासी रकम होने की संभावना है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तलाश के दौरान खाली दान पात्र गेहूं के खेत में पड़ा हुआ मिला, जिसका ताला टूटा हुआ था। मौलवी के अनुसार दान पात्र में ईद की दान की गई रकम थी। मस्जिद के प्रबंधक आरिफ ने चोरी की तहरीर पुलिस को सोंपी है।

### पब्लिक मांटेसरी स्कूल के मेधावी सम्मानित

**नजीबाबाद।** नगर के अजमल खां मार्ग स्थित पब्लिक मांटेसरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन व आकाशवाणी के अधिकारी शोभित शर्मा ने अभिभावकों को बच्चों के नैतिक व सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक अराजिया खा, फातिमा जेहरा, आर्यन, हादिया अनवर, इनायत वारसी तथा कक्षा एक से कक्षा पांच तक तसमिया, आतिफ अली, सफिया, सदफ परवीन, सारा आशा, कुलसूम, आयशा, मरियम, हरम अंसारी ने अपनी अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त किया।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत पर डेढ़ घंटे जाम

## नोडल अधिकारी ने अस्पताल किया सील, दो डाक्टरों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर मे पुलिस चौकी के पास स्थित एक मकान में चल रहे निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान 25 वर्षीय महिला की मौत के बाद सोमवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर सड़क जाम कर दी। करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन पर परिजनों ने जाम खोल दिया।

जानकारी के अनुसार गांव विशावली निवासी अर्जुन सिंह अपनी पत्नी रज्जो (25) को प्रसव पीड़ा होने पर शेरपुर चौकी के पास स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे थे।



आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान प्रसव के समय महिला की हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गुस्साए परिजनों ने शव को अस्पताल के बाहर सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर



दिया। देखते ही देखते सड़क पर जाम लग गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह और बछरायूं थाना प्रभारी कुलदीप तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग भी मौके पर पहुंच गया। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच में अनियमितताएं मिलने पर अस्पताल को तुरंत सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली को लेकर भी चर्चा तेज हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि चंद्रभान की तहरीर पर डॉ. पवन और डॉ. रंजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी अस्पताल के दस्तावेज और पंजीकरण से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रहा है। घटना के बाद मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

# सड़क हादसों में दो की मौत

## पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव ढ़योटी निवासी सतवीर पुत्र नत्थू सिंह बीते दिन गजरौला क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में आया था। रात को करीब डेढ़ बजे वह बाइक द्वारा अपने गांव वापस जा रहा था। जब वह फाजलपुर रेलवे फाटक से कुछ दूर आगे तेवा एपीआई लिमिटेड की कॉलोनी के सामने पहुंचा तभी एक अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए फरार हो गया। हादसे में सतवीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा, वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के सुल्तानठेर मौहम्मदपुर में पैदल पैदल जा रहे एक अज्ञात व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। यह हादसा बीती रात करीब दो बजे के लगभग हुआ। घटना की जानक. ारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# दोस्त बनकर साइबर ठगों ने लगाया लाखों का चूना

## फर्जी फेसबुक एकाउंट से युवक को ठगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। कस्बे के मोहल्ला बंगला निवासी युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने उसके ओमान में रहने वाले दोस्त के नाम से फर्जी फेसबुक मैसेंजर अकाउंट बनाकर भरोसा जीता और पैसे भेजने के बहाने उसे जाल में फंसा लिया। युवक ने भरोसा कर हजारों रुपये ट्रांसफर कर दिए, बाद में ठगी का खुलासा होने पर उसके होश उड़ गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला बंगला में कायम मेंहदी का परिवार रहता है। उनके बेटे कमर सिब्तैन के मुताबिक उनका एक करीबी दोस्त ओमान में रहता है, जिससे अक्सर मैसेंजर पर बातचीत होती रहती है। साइबर अपराधियों ने इसी दोस्त के नाम से फेसबुक मैसेंजर पर फर्जी एकाउंट बना लिया और डीपी पर उसका फोटो लगा दिया। कमर सिब्तैन उनकी चाल नहीं समझ पाए और जाल में फंस गए। साइबर अपराधियों ने कुछ पैसे अमानत के तौर पर भेजने हैं, जब मैं नौगावां सादात आऊंगा तो ले लूंगा। दोस्त समझते हुए कमर सिब्तैन ने अपने खाते की डिटेल साझा कर दी। इसके बाद साइबर अपराधियों ने 760400 रुपये खाते में डालने की स्लिप भेज दी और कहा कि इसमें से तीन लाख रुपये तुम्हे मेरे एजेंट को भेजने हैं अगर उसे पैसे नहीं पहुंचे तो मेरा वीजा खत्म हो जाएगा और ओमान में मुझे जेल में डाल दिया जाएगा। ये बात सुनकर कमर सिब्तैन घबरा गए इतना ही नहीं साइबर अपराधियों ने एजेंट से भी बात कराई। जाल में फंसे कमर सिब्तैन ने इसके बाद साइबर अपराधियों के बताए गए खाते में 28500 तथा बार कोड पर 91500 रुपये ट्रांसफर करा दिए। धोखाधड़ी का खुलासा उस समय हुआ जब साइबर अपराधियों ने कमर सिब्तैन को 50 हजार रुपये और ट्रांसफर कराने के लिए धमकाना शुरू किया। पूरे मामले की जानकारी पर उनके होश उड़ गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि इस संबंध ऑनलाइन तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

# शिव मन्दिर में पारिवारिक मूर्तियों पर उठा विवाद

## सार्वजनिक धर्मस्थल पर कब्जे की आशंका, नागरिकों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के रामलीला मैदान के सामने बने नवदुर्गा मंदिर परिसर में नए शिव मंदिर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धनौरा को सौंपकर मंदिर में लगाई गई पारिवारिक मूर्तियों पर आपत्ति जताई।

नगरवासियों का कहना है कि मंदिर का निर्माण नगर में "दिल्ली वालों" के नाम से पहचाने जाने वाले एक परिवार ने कराया है। आरोप है कि परिवार ने मंदिर का नाम शार-विनोद रखा है और अपने माता-पिता स्वर्गीय शारदा और विनोद की मूर्तियां भी मंदिर में स्थापित करा दी हैं। लोगों का कहना है कि यह सार्वजनिक धार्मिक स्थल है, इसलिए यहां किसी परिवार विशेष की मूर्तियां लगाना ठीक नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और ऐसा लग रहा है कि परिवार मंदिर पर अपना निजी अधिकार जमाने की कोशिश कर रहा है। इसको लेकर नगर में धीरे-धीरे नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते मामला नहीं सुलझा तो विरोध प्रदर्शन भी हो सकता है।

क्षेत्रवासियों ने मांग की कि मंदिर से परिवार विशेष के पितरों की मूर्तियां हटाई जाएं और शिव मंदिर का नाम किसी परिवार के नाम पर न रखा जाए। साथ ही एसडीएम से कहा गया कि इस ज्ञापन को तुरंत मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा जाए, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई हो सके। ज्ञापन देने वालों में ओपी गोला, हर्ष कुमार, अजय कुमार, रोहित, शिवम, दीपक, आकाश, नितिन, पुष्पेंद्र, धर्मवीर, हरिराम, विनोद गौड़, कैलाश सिंह, सत्येंद्र सिंह, बाबूराम, नेपाल, यशपाल, नितिन और आनंद शर्मा समेत कई नगरवासी शामिल रहे। तहसीलदार मूसाराम थारू ने बताया कि ज्ञापन मिला है दिखाया जाएगा क्या मामला है। उधर इस संबंध में मंदिर निर्माता का पक्ष मिलने पर उसको भी प्रकाशित किया जाएगा।

## एक नजर

### जय गोविंद स्कूल में परीक्षाफल वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। जय गोविंद पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वित. रित किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी सहित कक्षा 1 से उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों को परिणाम वितरित किए गए। कई छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधक सरल कुमार व प्रधानाचार्य रफाउल हसन की ओर से मेधावी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की भी अच्छी उपस्थिति रही और सभी ने बच्चों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### मेहनत व अनुशासन से मिलती सफलताः वीरेन्द्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। प्रबधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों की सफलता मेहनत और अनुशासन पर निर्भर करती है। एएसएम. मॉडर्न एकेडमी खाता में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्या आभा रस्तोगी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा 1 के दिवित चौधरी ने 100% अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की उपलब्धियों में कक्षा 11 के छात्र कल्पित ने जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित होकर 10,000 की सहायता प्राप्त की। वहीं कक्षा 10 के गुरमीत सिंह ने नेशनल ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप किया और स्मिता सिंह राज्य टॉपर रहीं। कार्यक्रम में जागरूक अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। संचालन एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट रविंद्र कुमार एवं मोहित कुमार ने किया।

# पत्नी न प्रेमी संग मिलकर उतारा था पति को मौत के घाट

## अवैध संबंधों में बाधा बनने पर दिया वारदात को अंजाम, प्रेमी, पत्नी व दोस्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अवैध संबंधों में बांधा बन रहे पति को पत्नी ने अपने प्रेमी व उसके दोस्त के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने सनसनी केस हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। कत्ल में इस्तेमाल किये गये दो चाकू व मोबा. इलो को भी पुलिस ने बरामद किया है।

रिश्तो को कत्ल करने वाले हत्याकांड में एक बार फिर हसनपुर का नाम जुड़ गया है। रिश्तो को शर्मसार करने के साथ ही उसका कत्ल करने में इस बार पत्नी का नाम सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती कला निवासी मेराज पुत्र मोमिन आयु 32 वर्ष का शव रविवार की सुबह घर में ही चारपाई पर खून से लथपथ सना हुआ पड़ा था। मेराज की लाश के बराबर में ही उसकी पत्नी रूही व दो बच्चे सो रहे थे। घटना को देखते हुए शुरू से ही पत्नी को शक के दायरे में देखा जा रहा था। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी फरमान मृतक मेराज का सगा चेहरा भाई है। फरमान के बड़े भाई के घर में रूही की बड़ी बहन है। रूही की शादी




मेराज से हो गई थी। रूही शादी से पहले से ही फरमान से प्यार करती थी। इस दौरान रूही दो बच्चों की मां बन गई। लेकिन फरमान से उसके अवैध संबंध बने हुए थे। चार दिन पहले मेराज ने फरमान से अवैध संबंधों का विरोध करते हुए रूही की प्लास्टिक के पाइप से पिटाई कर दी थी। रूही ने यह बात फरमान को बताई थी। उसके बाद उन्होंने तय कर लिया था कि अब मेराज को हर हाल में रास्ते से हटाना है। शनिवार की रात को रूही ने पति मेराज को दूध में नींद की गोलियां घोलकर पिला दी थी। जब वह गहरी नींद में सो गया तो उसके बाद रूही ने फरमान को घर बुला लिया था। फरमान रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी अदनान पुत्र मेहराज के साथ गुजरात में फेरी लगाने का काम करता है। फरमान ने इस घटना को अंजाम देने के लिए अदनान को भी बुला लिया था। उसके बाद आरोपियों ने पहले सोते हुए मेराज के हाथ पैरों को रस्सी से बांध दिया। उसके बाद उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ चाकू चला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। जिस समय आरोपी मेराज की गर्दन पर चाकू चला रहे थे। उस वक्त जालिम पत्नी रूही पति के पैरों पर बैठ गई थी ताकि वह विरोध ना कर सके। मेराज के घर के बराबर में डीजे बज रहा था। इससे भी किसी को कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किये गये दो चाकू वह दो मोबाइल को भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी फरमान अदनान व रूही को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया वहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

### शिक्षित समाज से ही देश की उन्नति संभवः महबूब



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा पर पूरा ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि शिक्षित समाज से ही देश की उन्नति संभव है। जोया विकास खंड स्थित किसान इंटर कॉलेज मिलक कटाई में 30 मार्च 2026 को आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महबूब अली शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चे न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे देश का भविष्य होते हैं, इसलिए अभिभावकों को उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यही बच्चे शिक्षा के बल पर देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें सतवीर सिंह, वीरपाल सिंह, रियाजुद्दीन प्रधान, ग्रीस सिंह, नरेंद्र प्रधान, जयवीर सिंह, मनोज पंवार, जिले सिंह, जसवंत सिंह, जितेंद्र पंवार, सुंदर सिंह, भूप सिंह, प्रीतम सिंह, शंकर सिंह, जगत सिंह, रामनिवास सिंह, भूपेंद्र सिंह, नरेश सिंह, इकबाल सिंह, धीरज सिंह आदि शामिल रहे। साथ ही सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जुआ खेलते युवकों का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा, डाकेवाली और आसपास के इलाकों में जुए के फड़ कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र से लगातार सोशल मीडिया पर जुए के वीडियो वायरल हो रहे हैं। जो स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। हाल ही में वायरल हुए वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जुआरियों के हौसले कितने बुलंद हैं। वीडियो में खेतों और सुनसान ठिकानों पर जुआरियों का जमावड़ा लगा है, जहाँ ताश के पत्तों पर लाखों के दांव बेखौफ होकर लगाए जा रहे हैं। जमीन पर तिरपाल पर बिखरी रुपयों की गड्डियां और वीडियो में स्पष्ट दिखते चेहरे इस अवैध धंधे की गवाही दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करती है। अक्सर संदिग्धों को पकड़ा तो जाता है, लेकिन ष्गुप्त साठगांठष के चलते रात के अंधेरे में उन्हें बिना किसी ठोस कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया जाता है। क्षेत्रीय जनता ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस गिरोह पर शिकंजा कसा जाए ताकि गांव का माहौल खराब होने से बच सके।

**पिता का कत्ल, मां बनी कातिल, अब किसके सहारे जियेंगे मासूम ?**

# कैसे होगी मासूम बच्चों की परवरिश!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अवैध संबंधों के चलते मां ने बाप का प्रेमी के साथ मिलकर कत्ल करवा दिया। पति की हत्या के आरोप में मासूम बच्चों की मां जेल चली गई है। अब मासूम बच्चों के सामने उनकी परवरिश की समस्या आकर खड़ी हो गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपला. ेती कलां निवासी मजदूर मेराज की उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी व उसके दोस्त अदनान के साथ मिलकर चाकू से गर्दन रेत कर हत्या करवा दी थी। मेराज का दफिना कर



दिया गया है। जबकि उसके कत्ल के आरोप में उसकी पत्नी रूही जेल चली गई है। मेराज के दो बच्चे हैं उनके सर से अब मां बाप का साया हट चुका है। सबसे ज्यादा समस्या अब यह आकर खड़ी हो गई है कि आखिर इन मासूम बच्चों की परवरिश कौन करेगा। क्योंकि दोनों ही बच्चे अभी मासूम है। मेराज के पिता मो. मिन अब बूढ़े हो चुके हैं। फरहान 5 वर्ष और दूसरा अफफान 3 वर्ष है। दोनों ही बच्चे अभी मासूम है। दादा मोमिन के पास इतनी जमीन जायदाद नहीं है कि वह उनकी ढंग से परवरिश करें। ग्रामीण भी दोनों मासूम बच्चों के चेहरो को देखकर गमगीन है।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## दम्पति घायल, दोनों ओर से मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव याहियापुर में पुरानी रंजिश और रास्ते के विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। खेत में काम कर रहे व्यक्ति पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया, जिसके बाद देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए।

पहले पक्ष के रोहित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे उनके पिता जयपाल सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के महेंद्र अपनी पत्नी सर्वेश देवी और बेटे नकुल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने रास्ते के विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब जयपाल सिंह ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। रोहित का कहना है कि रास्ते को लेकर काफी समय से दोनों पक्षों के बीच विवाद चला आ रहा है और इसी रंजिश के चलते हमला किया गया। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी मामला दर्ज कराया गया है। महेंद्र सिंह की पत्नी सर्वेश देवी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि वह खेत पर पान चलाने के लिए गई थीं। इसी दौरान मामूली कहासुनी हो गई, जिसके बाद जयपाल सिंह और उनकी पत्नी राजवती ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है।

# किशोरी से छेड़छाड़ में साढ़े तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने किशोरी से छेड़छाड़ और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी को साढ़े तीन साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा था। यहां रहने वाले एक किसान की नाबालिग बेटी के साथ 11 अगस्त 2024 को गांव के ही धर्मवीर उर्फ धर्म सिंह उर्फ धर्मी ने छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी को जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी धर्मवीर को जेल भेज दिया था। बाद में वह जमानत पर रिहा हो गया था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट की अदालत में विचाराधीन थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने धर्मवीर को दोषी करार दिया। साढ़े तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 15 हजार का जुर्माना लगाया।

## खेल विशेष

### 31-सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को एक से नौ अप्रैल तक चलने वाले 31 सदस्ईय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा की है। टीम हाल ही में हैदराबाद, तेलंगाना में संपन्न हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस कैंप में हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में टीम ने रजत पदक हासिल किया था और आगामी एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाला) के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया था। इस शिविर का मुख्य जोर टीम के तालमेल को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की फिटनेस के स्तर को ऊपर उठाने और खेल के रणनीतिक पहलुओं को और अधिक पैना करने पर रहेगा। यह सब नई कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में टीम को एक ठोस आकार देने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भारत जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेने वाला है। इसके बाद अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 होगा, और फिर 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में 2026 एशियाई खेलों का आयोजन किया जाएगा। गोलकीपिग यूनिट में सविता, माधुरी किडो, बंसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबाम शामिल हैं।

### एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप, भारत की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर 20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 'यंग टाइग्रेस' की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। वह अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को थम्मासेट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच अप्रैल, पाथुम थानी स्टेडियम में और चीनी ताइपे के खिलाफ (आठ अप्रैल पाथुम थानी स्टेडियम में मैच होगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टरफाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर-फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर 20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची थीं, और उन्हें वहां के स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले। यात्रा करने वाले दल में 24 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से अब डिफेंडर अल्का इंदवार को टीम से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि एलेक्जेंडर्सन ने अंतिम टूर्नामेंट के लिए अपनी 23-खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दे दिया है।

# राजस्थान ने चेन्नई को 127 रन पर रोका

### जैमी ओवरटन ने सर्वाधिक 43 रन बनाए
### जडेजा, बर्गर व आर्चर को 2-2 विकेट





**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल के तीसरे मैच में राजस्थान रायल्स ने चेंन्नई सुपर किंग्स को 127 रन पर समेट दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में आरआर के कप्तान रियान पराग ने बालिंग चुनी थी। चेन्नई से जैमी ओवरटन टॉप स्कोरर रहे, उन्होंने 43 रन बनाए। डेब्यू मैच में कार्तिक शर्मा ने 18 और इम्पैक्ट प्लेयर बनकर उतरे सरफराज खान ने 17 रन बनाए। बाकी कोई भी बैटर 10 रन तक नहीं पहुंच सका। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेल रहे रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए।

जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर को भी 2-2 विकेट मिले। संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई और डेब्यू कर रहे बृजेश शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। 1 बैटर रन आउट भी हुआ। 20वें ओवर में जैमी ओवरटन 43 रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके विकेट के साथ सीएसके 127 रन पर सिमट गई। ओवरटन के अलावा कार्तिक शर्मा ने 18 और सरफराज खान ने 17 रन बनाए। 16वें ओवर में चेन्नई ने 9वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल रवि बिश्नोई ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। मैट हेनरी ने बिश्नोई को ही कैच दे दिया, वे 5 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स ने 15 ओवर के बाद 8 विकेट खोकर 93 रन बना लिए। जैमी ओवरटन और मैट हेनरी ने टीम को 90 के पार पहुंचाया। टीम ने 82 रन पर 8वां विकेट गंवा दिया था। 13वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया। जोफ्रा आर्चर ने ओवर की पांचवीं बाल फुलर लेंथ फेंकी। नूर अहमद शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 रन ही बना सके। आर्चर ने ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में चेन्नई ने 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल बृजेश शर्मा ने फुलर लेंथ इन स्विंगर फेंकी। कार्तिक शर्मा फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स पर लग गई। राजस्थान ने स्ठॅ की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। कार्तिक अपने डेब्यू मैच में 18 रन बनाकर आउट हुए। बृजेश ने भी डेब्यू मैच में पहला विकेट लिया। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बाल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शाट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स से लग गई।

राजस्थान ने अपील की और अंपायर ने पगबाधा आउट दे दिया। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लान्ग आफ पर कैच करा दिया। दुबे 6 रन ही बना सके। चेन्नई ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। डेब्यू कर रहे कार्तिक शर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। सरफराज खान भी पिच पर मौजूद रहे। संदीप शर्मा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में विकेट लिया। चेन्नई ने पावरप्ले में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल संदीप शर्मा ने स्लोअर फेंकी। मैट शार्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन शार्ट मिड-विकेट पोजिशन पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच हो गए। शार्ट 2 रन ही बना सके। पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद सीएसके ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया।

# पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर

**मुल्लनपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के चौथे मैच में मुल्लनपुर, न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स जहां अपनी मजबूत बल्लेबाजी पर निर्भर है, वहीं गुजरात टाइटन्स संत. ुलन और संरचना पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां व्यक्तिगत खिलाड़ी मैच का रुख बदल सकते हैं।

पंजाब किंग्स के लिए, अभियान एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू होता है: घरेलू मैदान पर अपनी बादशाहत फिर से कायम करना। उनकी बल्लेबाजी इकाई, जो आक्रामक इरादे और गहराई के लिए बनाई गई है, इस महत्वाकांक्षा का केंद्र है। सबसे आगे कप्तान श्रेयस अय्यर हैं, जिनकी भूमिका केवल रन बनाने से कहीं अधिक है, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी को संभालें, दबाव झेलें, और मिली हुई शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलें, जो टीम के दबदबे के लिए एक मजबूत आधार तैयार करे। शीर्ष क्रम की जोड़ी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह, पारी की शुरुआत में ही आक्रामकता लाती है, जिसका लक्ष्य पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना और विरोधी गेंदबा. जों को परेशान करना होता है। मध्य क्रम में, नेहल वढेरा परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता प्रदान करते हैं, जबकि मार्कस स्टोइनिस एक गतिशील ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल होते हैं, जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। यह मुख्य टीम सुनिश्चित करती है कि पंजाब की पारी में आक्रामक इरादे और लचीलापन, दोनों ही बने रहें। पंजाब की 'घरेलू मैदान पर वापसी' की कहानी को जो बात और भी मजबूत बनाती है, वह है उनके निचले मध्य क्रम की गहराई। शशांक सिंह और अजमतुल्लाह ओमरजई में पारी को शानदार ढंग से समाप्त करने की क्षमता है, जिससे टीम बिना अपनी संरचना खोए, मैच के अंतिम क्षणों में तेजी से रन बना पाती है। ऐसी पिच पर, जिससे बल्लेबाजो को मदद मिलने की उम्मीद है, बल्लेबाजी की यह गहराई एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने या उसका पीछा करने में निर्णायक साबित हो सकती है। हालांकि, पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रखना है। अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में जिम्मेदारी के साथ गें. दबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिन्हें लॉकी फर्ग्यूसन की तेज गेंदबाजी का भरपूर समर्थन मिलेगा।

युजवेंद्र चहल की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजी विभाग मध्य ओवरों को नियंत्रित करने और विकेट लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन दोनों टीमों का सामूहिक प्रदर्शन ही तय करेगा कि पंजाब अपनी बल्लेबाजी की ताकत को मैच में पूर्ण प्रभुत्व में बदल पाता है या नहीं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में अधिक संयमित और व्यवस्थित रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।

# गेंद से छेड़छाड़ मामले में फखर जमान पर लग सकता है प्रतिबंध

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी फखर जमान पर कम से कम एक मैच का प्रतिबंध लग सकता है।

फखर जमान ने रविवार को पीएसएल 2026 के मैच में लाहौर कलंदर्स की कराची किंग्स के हाथों चार विकेट की हार के दौरान गेंद से छेड़छा की यह घटना सामने आई थी।

यह घटना किंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आखिरी ओवर की शुरुआत में हुई। उस समय मैदानी अंपायर फैसल अफरीदी ने हारिस रऊफ से गेंद निरीक्षण के लिए ले ली थी, क्योंकि गेंद शाहीन शाह अफरीदी और फखर के बीच एक-दूसरे को पास की गई थी।

फैसल ने दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शरफुद्दौला के साथ लंबी चर्चा की और दोनों ने गेंद से छेड़छाड़ होने का संदेह जताते हुए उसे बदलकर दूसरी गेंद लाने का फैसला किया। किंग्स को पांच पेनल्टी रन दिए गए और उनके बैट्समैन-खुशदिल शाह और आजम खान-को दूसरी गेंद चुनने की इजाजत दी गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार, कलंदर्स के इस खिलाड़ी पर लेवल-111 का अपराध करने का आरोप लगाया गया है।

# ग्रीन के गेंदबाजी ना करने पर रहाणे ने कहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछिए

**मुम्बई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिक्य रहाणे ने कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के सवाल पर कहा कि इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से पूछिए कि वह क्यों गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

ग्रीन ने टी-20 विश्व कप के बाद से ही गेंदबाजी नहीं की है। सोमवार को सीए ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ग्रीन पीठ के निचले हिस्से की हल्की चोट से उबर रहे हैं और गेंदबाजी में वापसी की उनकी टाइमलाइन आईपीएल से पहले ही केकेआर को बता दी गई थी। सीए के प्रवक्ता ने कहा कि कैमरन के पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका ईलाज चल रहा है। उन्हें कुछ समय के लिए गेंदबाजी से दूर रहना होगा। वह इस समय भारत में धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि करीब 10-12 दिनों में वापसी कर सकें। केकेआर को यह जानकारी दे दी गई है और वे इससे पूरी तरह वाकिफ हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रीन ने सितम्बर 2024 से अक्तूबर 2025 तक 12 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं की थी,

क्योंकि उनकी पीठ में स्ट्रेस फैक्चर की सर्जरी हुई थी। कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने ग्रीन को 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गेंदबाजी संयोजन के स्थिर न होने पर रहाणे ने कहा कि टीम अभी सही संतुलन तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है जब ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू करेंगे, तो संयोजन थोड़ा अलग होगा। अभी हमें संतुलन देखना है और यह समझना है कि हमारे लिए कौन अच्छा गेंदबाजी कर सकता है। बल्लेबाजी में हमने अच्छा किया, लेकिन गेंद से सही संतुलन ढूंढना बहुत जरूरी है। उम्मीद है ग्रीन जल्द गेंदबाजी शुरू करेंगे, तब हम देख पाएंगे कि संयोजन सही बैठता है या नहीं। केकेआर की मुश्किलें कई मुख्य तेज गेंदबा. जो की गैरमौजूदगी से और बढ़ गई हैं, जिससे टीम को कम अनुभव वाले खिलाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ा है। रहाणे ने इसे चुनौती भरा दौर बताया,

लेकिन इसे टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका भी कहा। एमआई के खिलाफ छह विकेट की हार में उन्होंने ब्लेसिग मुजरबानी, कार्तिक त्यागी और वैभव अरोड़ा को तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाया, जबकि स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती के साथ सुनील नारायण और अनुक. ूल रॉय ने संभाली। रहाणे ने कहा कि स्पिनर्स पर दबाव कम करने के लिए एक अतिरिक्त तेज गें. दबाज होना जरूरी है, और सही संतुलन तभी बनेगा जब ग्रीन पूरी तरह योगदान दे पाएंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराया

**बासटेयर, वार्ता।** बेथ मूनी (65), फीबी लिचफील्ड (46) और जॉर्जिया वेयरहम (39 रन/तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 90 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 46 ओवरों में 179 रन पर सिमट गई।




हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। किआना जोसेफ (29), स्टेफनी टेलर (18), शिनेल हेनरी (19) और करिश्मा रामहैक (14) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने 28 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन-तीन विकेट लिए। तालिया मैग्रा को दो विकेट मिले। अलाना किंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में सात विकेट पर 269 रन का स्कोर बनाया। जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 11वें ओवर में अश्मिनी मुनिसार ने जॉर्जिया वॉल (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की अगली गेंद पर उन्होंने एलिस पेरी (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 14वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने फीबी लिचफील्ड (46) को आउट किया। तालिया मैग्रा (24), जॉर्जिया वेयरहम (39) रन बनाए। बेथ मूनी ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। निकोला कैरी (30) और अलाना किंग (26) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज के लिए हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए।

# तीरंदाज कोमालिका बारी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

**रायपुर, वार्ता।** वर्ष 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपने राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब से जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा।



कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं। कोमालिका ने साई मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य (2028) ओलंपिक है। इस समय मेरा प्रशिक्षण काफी अच्छा चल रहा है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है, क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। मेरी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मैच अनुभव हासिल करने के अलावा वह अधिक से अधिक जनजातीय बच्चों को इस खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं।

कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया। उन्हें उनकी मां, जो एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, का पूरा समर्थन मिला। उनकी मां ही उन्हें बिरसानगर में स्थानीय तीरंदाजी कोच के पास लेकर गईं, जहां से उनके करियर की शुरुआत हुई। साल 2012 में कोमालिका ने अपने शुरुआती संघर्षों का सामना करना शुरू किया। शुरुआती दिनों में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वे अभ्यास के लिए धनुष खरीद सकें, इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बांस से बने अस्थाई धनुष का सहारा लिया। प्रशिक्षण शुरू करने के चार साल बाद कोमालि. का ने जमशेदपुर स्थित टाटा आर्चरी अकादमी में प्रवेश लिया और कोच धर्मेंद्र तिवारी तथा पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में अभ्यास शुरू किया। लेकिन देश की इस प्रतिष्ठित अकादमी तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें अपने बिरसानगर स्थित घर से रोजाना 18 किलोमीटर साइकिल चलाकर वहां पहुंचना पड़ता था। वह कहती हैं, ष्जब मैंने तीरंदाजी शुरू की थी, तब मेरे कई सीनियर खिलाड़ी थे जिन्हें मैं रोल मॉडल मानती थी। हमें उन्हें आमतौर पर सिर्फ प्रतियोगिताओं के दौरान देखने का मौका मिलता था और इससे हमें काफी प्रेरणा मिलती थी। यही एक बड़ा कारण है कि मैं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रही हूं।

# जिरी को हराकर यानिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा/अमेरिका, वार्ता।** यानिक सिनर ने जिरि लेहे. का को 6- 4, 6- 4 से हराकर मियामी ओपन पुरूष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही सिनर पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए है जिन्होंने 'सनशाइन डबल' पूरा किया। उन्होंने कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स और फ्लोरिडा के हार्ड कोर्ट पर बिना कोई सेट हारे दोनों ट्रॉफियां जीती हैं।



इटली के सिनर ने वर्षा बाधित मियामी फाइनल में चेक गणराज्य के 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जिरी लेहेका पर सिनर की 6-4, 6-4 की शानदार जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह और अल्काराज बाकी खिलाड़ियों से कितने आगे हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अब मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 34 सेट जीते हैं। इसके साथ ही वह नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं,

जिन्होंने ग्रैंड स्लैम के बाद के स्तर के टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीते हैं। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए एक शानदार दौर रहा है और मैं इस मुकाम तक पहुंचने के लिए हमने जो मेहनत की है, उससे मैं बेहद खुश हूं। इंडियन वेल्स से पहले हमने अभ्यास के लिए कुछ अच्छे दिन बिताए थे। इस तरह के नतीजे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, और साथ ही जिस स्तर का खेल हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और जिस तरह का खिलाड़ी हम बनने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखकर भी मुझे खुशी होती है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 31 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईसी के द्वार भाजपा

पांच राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, पश्चिमी बंगाल में चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें पुड्डुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है। यहां यह कहना जरूरी है कि सबसे ज्यादा घमासान पश्चिमी बंगाल में देखने में आ रहा है। वहां भाजपा और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी बेहद आक्रामक अंदाज में चुनाव प्रचार को हवा दे रहे हैं। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग को सीधे निशाने पर ले रही हैं। वह यहां तक कह रही हैं कि भाजपा के साथ साठगांठ कर चुनाव आयोग किसी भी तरह से टीएमसी को हराने में लगा है। वह धमकी देती भी दिखाई देती हैं जिसमें कहती हैं कि सरकार टीएमसी की ही बन रही है। भाजपा भी टीएमसी पर जमकर बरस रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का सीधे आरोप लगा रही है। अपनी बात को सिद्ध करने के लिए सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भी चुनाव आयोग से मिला है, जिसमें बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों के घरों में जाकर धमका रही हैं और उन्होंने प्रशासन और पुलिस की मदद से पूरे चुनाव को हाईजैक कर लिया। भाजपा नेताओं का यहां तक कहना है कि पिछले चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने दबाव और दादागिरी से सत्ता हासिल की थी। भाजपा के नेता चाहते हैं कि चुनाव आयोग पश्चिमी बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में लेकर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। बताया जाता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा प्रति. निधिमंडल को आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष व शांति से चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। जैसाकि हम जानते हैं कि यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब पूरे देश में एसआईआर कराया जा रहा है और बड़े पैमाने पर वोटों की छंटनी दिखाई देती है। पश्चिमी बंगाल भी इससे अछूता नहीं है। वहां भी लगभग 70 लाख मतदाता मतों से वंचित कर दिए गए हैं। ऐसा टीएमसी का आरोप है। जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ऐसा नहीं मानते। उन्होंने कहा है कि बड़ी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ एसआईआर किया गया है। चुनाव आयोग के दावे कुछ भी हों, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम विपक्षी दल एसआईआर को लेकर आश्वस्त नहीं दिखते और ममता बनर्जी तो एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बेहद आक्रामक रही हैं और वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं और खुद ही वकालत कर डाली। जाहिर है यह तमाम बातें बताने के लिए काफी हैं कि चुनाव आयोग के सामने इस समय साख का बड़ा संकट है और यदि उसको अपनी साख बचानी है, तो वह निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराकर ही बचाई जा सकती है। चुनाव आयोग को इन आरोपों से बचना होगा, जो उस पर भाजपा की निकटता को लेकर लगते रहे हैं।

## नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं



देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं, उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं, तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है, हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी- एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अहिंसा का शाश्वत संदेश : क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर





**योगेश कुमार गोयल**

अहिंसा परमो धर्म: का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है।

ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदाई है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वत: समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दु:ख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है।

आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवे. दनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुन: जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है।

यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अत: यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

# गाजर के डंठल-छिलकों से खाद्य सामग्री का निर्माण

**पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं।**

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ रही है, ज़्यादा दिन चलने वाले और पौष्टिक खाद्य की जरूरत भी बढ़ रही है। इस सम्बंध में, 2024 में लुबिस एवं साथियों द्वारा संपादित पुस्तक बायोमास कन्वर्जन एंड सस्टेनेबल बायोरिफाइनरी पठनीय है। यह किताब जैविक पदार्थ बायोमास अपशिष्ट का अन्य रूप में उपयोगी इस्तेमाल और बायोरिफाइनरी इस्तेमाल में हुई हालिया तरक्की पर प्रकाश डालती है, और प्रबंधित पुनर्उपयोग से जैविक अपशिष्ट और उप-उत्पादों को कम करने के तरीकों पर चर्चा करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, जैविक कचरे को खाद्य उत्पादों में तब्दील करने के तरीके खोजना आवश्यक होता जा रहा है।

हमारे भोजन में कई तरह की सब्जियां, अंडे और मांस शामिल होते हैं। इनको पकाने के लिए काटते या साफ करते समय हम इनका अखाद्य हिस्सा छीलकर या छांटकर अलग करते हैं और कचरे की तरह फेंक देते हैं। गाजर के साथ भी हम यही करते हैं, इसका छिलका, ऊपरी नोंक और डंठल तरफ का हिस्सा हम छील-काटकर अलग कर देते हैं। गाजर के कुछ हिस्सों से हम मिठाई भी बनाते हैं और बाकी हिस्सा खाने लायक न होने के कारण फेंक देते हैं, जो बर्बाद ही जाता है। उपरोक्त पुस्तक में गगन जे। कौर और साथियों का आलेख इस मुद्दे पर विस्तार से बात करता हैय शीर्षक है 'असेसमेंट ऑफ कैरट रिजेक्ट्स एंड वेस्ट्स फॉर फूड प्रोडक्ट एंड एज ए बायोफ्यूल'। इसी संदर्भ में, दिसंबर 2025 में जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एंड फूड केमिस्ट्री में जर्मनी की गीसेन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड केमिस्ट्री के मार्टिन गैंड के नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक दल का शोध पत्र छपा था। यह अध्ययन गाजर के कचरे से कवक पनपाने की बात करता है। कवकों फफूंद के पोषण प्राप्त करने के तरीके पौधों और जंतुओं से सर्वथा अलग हैं।

पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं। और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं। बताते चलें कि मायसेलिया कवक में जड़ जैसी संरचना होती है जो तंतुनुमा जाल बनाती है। पोषण हासिल करने का अनोखा तरीका उन्हें विभिन्न पर्यावरणों में पनपने के काबिल बनाता है और उनकी पारिस्थितिक भूमिकाओं को मजबूत करता है। कवक में लगभग हर जैविक चीज को अपघटित करने की जबरदस्त क्षमता भी होती है, जिसमें वह खाद्य कचरा भी शामिल है जिसे हम पचा नहीं पाते। कवक का एक आम उदाहरण मशरूम है, जिसका इस्तेमाल शोरबा, तरी, पास्ता और पिज्ज़ा बनाने में किया जाता है।

यह पूरी तरह से शाकाहारी खाद्य है और इसमें विटामिन तथा एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। मशरूम ऐसे कवक हैं जो उपलब्ध बाहरी पोषक तत्वों का इस्तेमाल करके पनपते हैं, जिनमें खाद्य कचरा भी शामिल है। हमारे आहार में भी मशरूम शामिल हो सकते हैं। दिसंबर 2025 में एक शोध समूह ने विभिन्न देशों के 100 से ज्यादा तरह के मशरूम का परीक्षण किया और पाया कि वे गैर-खाद्य कचरे को उपयोगी बनाने में काफी असरदार हैं। शोधकर्ताओं ने गाजर के कचरे पर अध्ययन केंद्रित किया, और देखा कि कवक उन्हें कैसे पचाते हैं और उससे खाने लायक चीजें बनाते हैं। उदाहरण के लिए, टीम ने गाजर के छिलके वगैरह पर पनपाए गुलाबी ओइस्टर मशरूम के मायसेलिया से वीगन पैटीज बनाई। ए वीगन पैटीज कुछ व्यंजनों में सोया की जगह इस्तेमाल की जा सकती हैं। हममें से कई लोग अपने भोजन में कई तरह से गाजर खाते हैंय जैसे सब्जी बनाकर, सलाद में या गाजर का हलवा वगैरह बनाकर। लेकिन रसोइए और आहारविद सलाह देंगे कि हमें इन व्यंजनों में मशरूम का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि ए सेहत के लिए फायदेमंद हैं। कवक की मदद से खाद्य कचरे को प्रोटीन और विटामिन युक्त खाद्य में बदलकर भविष्य में शायद खाद्य सुरक्षा हासिल की जा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**
**डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**

# शाहजहांपुर में क्यों हुआ शहीदों का अपमान?



**रोहित कौशिक**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाओं को ध्वस्त कर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब इस मुद्दे पर हंगामा हुआ तो प्रशासन ने पुन: इन प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया। शहीदों के इस अपमान से कई सवाल खड़े हो गए है। क्या इस देश में देश पर मर-मिटने वाले क्रान्तिकारियों के साथ न्याय हो पाया है ? क्या इस देश ने आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों को वह सम्मान दिया है, जिसके वे हकदार थे? एक तरफ सरकारें क्रांतिकारियों का नाम जपती रहीं तो दूसरी तरफ जनता क्रान्तिकारियों के गीत गाती रही लेकिन न ही सरकारों ने और न ही जनता ने क्रान्तिकारियों के जज्बे के साथ न्याय किया। एक तरफ क्रान्तिकारियों के लिए भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती रहीं तो दूसरी क्रान्तिकारियों को याद करना सिर्फ औपचारिकता रह गई। सरकारें राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति और देशद्रोह का पाठ पढ़ाती रहीं लेकिन स्वयं ही देशभक्त क्रान्तिकारियों का अपमान करती रहीं। राष्ट्रभक्ति का नारा लगाने वाली सरकार में आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रान्तिकारियों का सम्मान तार-तार कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस यानी 23 मार्च की रात्रि में उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रान्तिकारियों का ऐसा अपमान किया कि एक सच्चे देशभक्त का खून खौल जाए। लेकिन जब इस दौर में देशभक्ति भी नकली हो और खून पानी हो तो सत्ता के सामने देशभक्तों की आवाज कैसे निकल सकती है ? इस दौर में जबकि देशभक्ति का अर्थ मुसलमानों को गाली देना ही रह गया हो, सच्ची देशभक्ति की भावना कहां दिखाई देती है ? शहाजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों को फांसी दे दी। उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर ने शहाजहांपुर में शहा. जहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को मलबे में तब्दील कर दिया। बेशर्मी देखिए कि रात के अंधरे में ध्वस्त किए गए इन अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहा. जहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया? दिन में इन्हें क्यों ध्वस्त नहीं किया गया ? स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर शासन और प्रशासन ने छिप कर खेल खेला। बाद इस मुद्दे पर लीपापोती कर कार्रवाई की बात की गई। सवाल यह है कि कार्रवाई किस पर होगी ? क्या उत्तर प्रदेश में सरकार की हरी झंडी के बिना कुछ हो सकता है ? प्रतिमाओं के ध्वस्त होने के बाद जब हंगामा बढ़ा तो कहा जा गया कि नई प्रतिमाए लगाई जाएंगी। सवाल यह है कि नई प्रतिमाएं लगाने की जरूरत ही क्या थी ? प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी का कहना कि इन प्रतिमाओं का कलात्मक पक्ष भी बहुत मजबूत था। तो फिर इन प्रतिमाओं को ध्वस्त करने की क्या जरूरत थी? अगर ये प्रतिमाए ध्वस्त करनी ही थीं तो इन्हें सम्मान के साथ ध्वस्त क्यों नहीं किया गया? क्यों इन प्रतिमाओं के ध्वस्त अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउन्ड में फेंक दिया गया ?

जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया?

विद्यार्थी जी ने बताया कि ये तीनों प्रतिमाएं स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष यानी 1972 में तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष वासुदेव गुप्ता ने स्थापित कराई थी जो 1942 के आन्दोलन में जेल भी गए थे। उसी समय इन शहीद प्रतिमाओं के दक्षिण की ओर मैदान में शहीद द्वार का निर्माण कराकर स्वतंत्रता सेनानी और साथी साप्ताहिक के संपादक श्याम सिंह बागी ने शहीद मेला का आयोजन किया, जिसका उदघाटन पेशावर क्रांति के नायक चंद्र सिंह गढ़वाल ने किया था। क्या सौंदईकरण के नाम पर शहीदों का इस तरह अपमान किया जाएगा ? इस दौर में सौंदईकरण के नाम अनेक शहरों के पुराने और ऐतिहासिक महत्व के भवनों और मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाराणसी में सौंदईकरण के नाम पर अनेक मंदिरों को तोड़ दिया गया। निश्चित रूप से सौंदईकरण होना चाहिए लेकिन सरकारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विकास की प्रक्रिया में देश के लिए मर मिटने वालो शहीदों की प्रतिमाओं और ऐतिहासिक इमारतों को भी संरक्षित किया जाए। विकास के नाम अपने अतीत को भूलना ठीक नहीं है। इस दौर में नई पीढ़ी सोशल मीडिया की गिरफ्त में है। नई पीढ़ी को सोशल मीडिया की गिरफ्त से बाहर निकालने और अपने इतिहास की भूली कड़ियों की याद दिलाने के लिए ऐतिहासिक महत्व की चीजें काफी मददगार हो सकती हैं। लेकिन इस दौर में इतिहास की चिंता सिर्फ राजनीति के लिए की जा रही है। जरूरत इस बात की है आज इतिहास की चिंता नई पीढ़ी में सच्ची देशभक्ति पैदा करने के लिए होनी चाहिए। सिर्फ नारे लगाकर देशभक्ति नहीं की जा सकती। सच्ची देशभक्ति के लिए जरूरी है कि नई पीढ़ी आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को समझे। विकास की इस प्रक्रिया में क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को भुलाने की को. शिश की जा रही है। विडम्बना यह है कि शहीदों को यह अपमान राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रभक्त जैसे शब्दो का रोज इस्तेमाल करने वाली सरकार में किया जा रहा है। हमारे देश में बहुत पहले से ही क्रान्तिकारियों को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार में तो हद ही हो गई। अब तो खुले आम क्रान्तिकारियों को जमीन में गाड़ दिया गया। हालांकि इस मुद्दे पर हंगामा बढ़ने के बाद इन प्रतिमाओं को पुन: स्थापित कर दिया गया है, लेकिन शहाजहांपुर में शहीदों का अपमान क्यों हुआ? यह सवाल तो अपनी जगह बना ही रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान-पाक में फिर संघर्ष, एक की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सरकार ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने रविवार को देश के कुनार प्रांत के असदाबाद शहर के बाहरी इलाकों पर गोलाबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच फरवरी से टकराव बढ़ा हुआ है। इसे पिछले कई दशकों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे गंभीर टकराव माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान के अंदर हमले करते हैं।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ धन शोधन की जांच तेज

**नई दिल्ली।** नेपाल के धन शोधन जांच विभाग के अधिकारियों ने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच तेज कर दी है। 'द काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में उनके वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों में विसंगतियां पाए जाने के बाद की गई है। डीएमएलआई ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो के सहयोग से पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के साथ-साथ पूर्व मंत्री आरजू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की है।

### सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए: कुब्रा सैत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मीडिया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। कुब्रा सैत ने कहा कि असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं।




**मुंबई। आपूर्ति वितरण के दौरान खाली एलपीजी गैस सिलेंडरों के साथ भरे हुए सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।**

## इजरायली सेना का तेहरान में सैन्य ठिकानों पर नए हमलों का दावा

**यरूशलेम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि वह तेहरान पर लक्ष्य साधकर उसके सैन्य ठिकानों पर नए हमले कर रहा है।आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ष्इजरायली रक्षा बल वर्तमान में पूरे तेहरान ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी सैन्य ढांचों पर हमले कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए। इसके बाद ईरान ने इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए।

## अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की मध्यस्थता को पाक तैयार: डार

### इशाक डार की इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है



■ पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर अपना भरोसा जताया है, जो आने वाले दिनों में होगी। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डार ने बढ़ते तनाव के बीच शांति तक पहुंचने के एकमात्र व्यावहारिक रास्ते के रूप में कूटनीति की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों और पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति को शांत करने और संघर्ष का समाधान खोजने के अपने प्रयासों में अमेरिकी नेतृत्व के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मंत्री चतुष्पक्षीय बैठक समाप्त होने के बाद पाकिस्तान से रवाना हो गए हैं। डार ने बताया कि इस बैठक के बाद प्रत्येक मंत्री के साथ अलग-अलग बहुत ही सार्थक द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरते हुए, पाकिस्तान उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों के साथ कूटनीतिक रूप से अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि उनके ये सार्वजनिक प्रयास हफ्तों की खामोश कूटनीति के बाद सामने आए हैं, हालांकि अब तक न तो ईरान और न ही अमेरिका ने बातचीत करने में बहुत ज्यादा इच्छा दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब तक कूटनीति और बातचीत करने के प्रयासों को लेकर अमेरिका की गंभीरता के बारे में मिले-जुले संकेत दिए हैं।

# जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का दे सकते है आदेश



■ ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं
■ अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है
■ 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक समझदार शासन के साथ गंभीरता से बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है।

उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिकी अखबार द वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। इस बीच, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3500 से ज्यादा सैनिक पहले ही वहां पहुंच चुके हैं। 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे। इसमें से 2500 मरीन सैनिक थे। यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानि कि शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए धीरे-धीरे शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। माना जा रहा है कि ईरान का बड़ा परमाणु भंडार उन पहाड़ी ठिकानों के मलबे के नीचे दबा है, जिन्हें अमेरिका ने बमबारी में निशाना बनाया था। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी के मुताबिक, यह यूरेनियम इस्फहान की अंडरग्राउंड टनल और नतांज जैसे ठिकानों पर हो सकता है।

ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि हमलों में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह तबाह हो गया, लेकिन अब माना जा रहा है कि काफी यूरेनियम नष्ट नहीं हुआ, बल्कि मलबे के नीचे दब गया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि ज्यादातर यूरेनियम मलबे के नीचे दबा है और अभी उसे निकालने का कोई प्लान नहीं है। साथ ही, ईरान के पास अभी भी ऐसी मशीनें हैं, जिनसे वह यूरेनियम को और शुद्ध बना सकता है और नए गुप्त ठिकाने भी बना सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने भी कहा था कि लगभग सारा 60 प्रतिशत समृद्ध यूरेनियम मलबे के नीचे दबा हुआ है और अभी उसे निकालने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के पास अभी भी यूरेनियम को और समृद्ध करने के लिए सेंट्रीफ्यूज मशीनें हैं और वह नए अंडरग्राउंड ठिकाने भी बना सकता है। ट्रम्प और उनके कुछ सहयोगियों का मानना है कि एक सीमित और टारगेटेड आपरेशन के जरिए इस परमाणु सामग्री को कब्जे में लिया जा सकता है, जिससे युद्ध लंबा नहीं खिंचेगा और अप्रैल के मध्य तक इसे खत्म किया जा सकता है। ट्रम्प खुद भी लंबे युद्ध से बचना चाहते हैं, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी चाहते हैं कि वे ध्यान घरेलू मुद्दों और आने वाले चुनावों पर दें, जहां रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान का खतरा बताया जा रहा है। एक्सपर्ट ट्रम्प के यूरेनियम हासिल करने के लिए जमीनी आपरेशन शुरू करने की योजना को मुश्किल और खतरनाक मानते हैं। उनका कहना है कि इसके लिए बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिकों को ईरान के अंदर भेजना पड़ेगा।

### ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को किया गया नष्ट: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को 'खत्म या फिर पूरी तरह से नष्ट' कर दिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि ईरान में बड़ा दिन। हमारी महान सेना ने कई लंबे समय से वांछित लक्ष्यों को खत्म और नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने न तो विस्तार से जानकारी दी और न ही लक्ष्यों की पहचान की। एक संबंधित घटनाक्रम में, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि 29-30 मार्च की रात को अदचित अल कुसैर में एक गोला फटने से संयुक्त राष्ट्र का एक शांति रक्षक मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने शांति रक्षक की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया। इसने यह भी नहीं बताया कि गोला किसने दागा था। एजेंसी ने कहा कि हमें गोले के स्रोत का पता नहीं है। हमने सभी परिस्थितियों का निर्धारण करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### ईरान के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे है। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का जक्रि करते हुए पत्रकारों से कहा कि हम उनके साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष बहुत जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि ईरान अमेरिका के शांति समझौते की ज्यादातर शर्तो सहमत हो गया है, लेकिन हम इससे ज्यादा चाहते है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला करना शुरू कर दिया। ईरान इजरायली इलाके के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमले कर रहा है।

## भारतीय राजदूत ने कुवैती अधिकारियों से की मुलाकात

**कुवैत सिटी।** कुवैत की भारतीय राजदूत परिमिता त्रिपाठी ने सोमवार को कुवैत के केंद्रीय शवगृह का दौरा किया। जल शोधन इकाई पर हुए हमले में जान गंवाने वाले एक भारतीय नागरिक का यहां पार्थिव शरीर रखा गया है। राजदूत ने यहां जनरल डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल एविडेंस के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से मुलाकात की। उन्होंने कुवैती अधिकारियों से मिली त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। भारतीय दूतावास मृतक के परिवार के साथ निरंतर संपर्क में है और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। कुवैत सरकार के अनुसार, सोमवार (30 मार्च) को कुवैत के एक विद्युत एवं जल शोधन ईकाई पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। विद्युत एवं जल मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में संयंत्र के सेवा भवन को भी नुकसान पहुंचा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम सात भारतीय नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और एक के लापता होने की खबर है।

## ईरान के हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त: आईएईए

■ ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान में खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चालू हालत में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) का इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में परमाणु विखंडन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। यह परमाणु रिएक्टर में न्यूट्रॉन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईएईए ने कहा कि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है। एजेंसी के अनुसार, 'उपग्रह चित्रों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है और यह अब कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था। चूंकि वहां कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं थी, इसलिए विकिरण का कोई खतरा नहीं देखा गया। खोंदाब संयंत्र मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में अराक शहर से 55 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित है और यह अराक परमाणु परिसर (जिसे आईआर-40 सुविधा के रूप में भी जाना जाता है) का हिस्सा है। ईरान ने यह भी बताया कि खुजेस्तान स्टील उत्पादन कारखाने पर भी हमले हुए, जहां सीलबंद कोबाल्ट-60 (सीओ 60) और सीजयिम-137 (सीएस 137) जैसे रेडियोधर्मी तत्वों का उपयोग किया जाता है, हालांकि वहां से भी कोई विकिरण नहीं फैला। इसके अलावा, बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षेत्र में भी हमले की सूचना मिली है, जो 10 दिनों में ऐसी तीसरी घटना है। आईएईए के मुताबिक, चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं हुआ है और संयंत्र की स्थिति सामान्य है।

## दक्षिणी सूडान में सोने की खदान में झड़प

■ अज्ञात हमलावरों ने 70 से ज्यादा लोगों की हत्या की

**जुबा।** दक्षिणी सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में स्थित एक सोने की खदान पर हुए हमले में 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। बताया जा रहा है, यह हमला खदान के अंदर हुए विवाद के बाद किया गया था।

घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें खुले मैदान में कई शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार के मुताबिक, कई अन्य लोग जान बचाने के लिए जंगलों की ओर भाग गए हैं। बताया जा रहा है कि सेंट्रल इक्वेटोरिया राज्य के जेबेल इराक इलाके में स्थित यह खदान पहले भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पों का केंद्र रही है। पुलिस प्रवक्ता क्वाजिज्वोक डोमिनिक अमोंडोक ने कहा कि हमले के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी तक मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने जेबेल इराक स्थित सोने की खदान पर हमला किया। 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। वहीं, सूडान पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की निंदा की है और इसके लिए सरकारी बलों को जिम्मेदार ठहराया है।

## लेबनान में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख ने छोड़ा घर: यूनिसेफ



■ मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

**बेरूत।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

प्रभावित लोगों में 370000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19000 बच्चे अपना घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है कि मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजरायल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले 'गाजा मॉडल' को दोहराने के अपने देश के घोषित प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। इनमें से कई दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं। सहायता समूहों ने इस स्थिति को बेहद अराजक और अस्थिर करने वाला बताया है।

## इजरायल ने सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन को किया सस्पेंड

**तेल अवीव।** वेस्ट बैंक में सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी और हिरासत मामले में इजरायली सेना ने पूरी बटालियन को सस्पेंड किया और रिजर्व बटालियन की आपरेशनल गतिविधियां भी रोक दीं। यह बटालियन नेत्जाह यूनिट का हिस्सा है। सेना के मुताबिक बटालियन को तुरंत वेस्ट बैंक से हटाकर ट्रेनिंग पर भेजा गया है और जांच पूरी होने तक यह किसी आपरेशन में शामिल नहीं होगी। यह घटना पिछले हफ्ते फलस्तीनी गांव तायासिर में हुई, जहां सीएनएन टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। आरोप है कि सैनिकों ने टीम को हिरासत में लिया और एक फोटो जर्नलिस्ट से मारपीट की, जिससे उसका कैमरा टूट गया।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108